हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 21 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री



10 कांग्रेसी पार्षद के फर्जी ओबीसी प्रमाण पत्र के खिलाफ हल्ला बोल





11 धान खरीदी को लेकर किसानों ने किया तहसील कार्यालय में प्रदर्शन











## खबर संक्षेप

### महतारी वंदन सम्मेलन बैकुंठधाम में 23 को

**भिलाई।** महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन दोपहर 12 बजे डॉ. बीआर अंबेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन गौरव पथ बैकुंठधाम भिलाई में किया गया है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना की सफलता के उपलक्ष्य में आयोजित है। एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई एक ने कार्यक्रम में शामिल होने की अपील महिलाओं से की है।

### व्यायाम शाला में अनियमितता, शिकायत

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में वार्ड 9 नूतन चौक पानी टंकी के पास व्यायाम शाला संचालित है। जिसका संचालन अर्जुन क्रीडा मंडल द्वारा अवैध रुप से किया जा रहा है। जिसकी शिकायत पार्षद कुसुम विपिन चंद्राकर ने निगम आयुक्त से किया है। पार्षद ने शिकायत पत्र में कहा है कि उक्त भूमि व भवन शासकीय है जहां पर अध्यक्ष द्वारा व्यायाम शाला में प्रेक्टिस करने वालों से प्रतिमाह फीस लिया जाता है। जिसका कोई भी हिसाब नगर निगम और न ही रहवासियों को दिया। उनके द्वारा उस पर अपना हक जताकर प्रेक्टिस करने वालों से दुव्यवहार भी किया जाता है। पार्षद ने यह भी कहा है कि मोहल्लें वालों ने इसकी शिकायत पहले निगम के जनसमस्या निवारण शिविर में भी किया था पार्षद ने मांग किया है कि व्यायाम शाला का संचालन नगर निगम भिलाई-चरोदा करे। जिससे मोहल्ले वाले और व्यायाम करने वालों को दिक्कत न हो। उक्त व्यायाम शाला को लेकर पार्षद और व्यायाम शाला अध्यक्ष आमने सामने आ गए है। गौरतलब व्यायाम शाला को लेकर लगातार विवाद की स्थिति नियमित हो रही है। जिसे लेकर नगर पालिक भिलाई चरोदा निगम द्वारा संचालित करने की मांग पार्षद ने किया है।

भिलाई तीन थाना क्षेत्र की है घटना, नारधा से रेंगनी आ रहा था छात्र

# हाईवा की ठोकर से स्कूली छात्र की मौत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हाइवा की ठोकर से स्कूली छात्र की मौत होने का मामला सामने आया है। सूचना पर ग्रामीणों ने सड़क पर शव को रख चक्काजाम कर दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों को समझाइश देती रही लेकिन लोग जमकर प्रदर्शन कर रफ्तार व भारी वाहनों पर अंकुश लगाने, मुआवजे की मांग करती रही।

खबर लिखे जाने तक सड़क करीब ढ़ाई-तीन घंटे तक जाम लगा हुआ था। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम रेंगनी निवासी भावेश निषाद 12 वर्ष कक्षा 6 वीं का छात्र है। नारथा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में पढ़ाई करता था। शुक्रवार की शाम स्कूल से छुट्टी होकर अपनी साइकिल से भावेश घर जा रहा था। इस दौरान हाइवा चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए साइकिल सवार छात्र को ग्राम मोहंदी में चपेट में लिया। हादसे में भावेश की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी साइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जहां पर हादसा हुआ है वहां से तीन किमी दूर भावेश का घर है। सड़क हादसे की जानकारी लगने पर परिजन व ग्रामीण पहुंच गए। मृतक छात्र भावेश के पिता खिलावन निषाद हथखोज स्थित प्राइवेट कंपनी श्रीजी कंपनी में कार्यरत है। भावेश तीन भाई बहनों में छोटा था। छात्र की मौत होने पर ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर आक्रोशित हो गए। मौके पर थाना भिलाई तीन थाना, कुम्हारी, जामुल थाना की टीम पहुंची है। प्रदर्शन समाप्त होने के बाद शव को पीएम के लिए मरचूरी में रखवा दिया गया है। पीएम के बाद शव को परिजनों को दिया जाएगा।



### मुड़पार तेली तालाब से अवैध खनन

ग्रामीणों के मुताबिक ग्राम मुडपार में स्थित तेली तालाब है। जहां से लंबे समय से मुरम का अवैध खनन लगातार जारी है। इसके भारी वाहनों पर किसी भी प्रकार का कोई रोक टोक नहीं किया जाता है। बे रोकटोक के वाहने गांव से होकर गुजरती है। इसके चलते भी गांव में कई हादसे हो चुके है। प्रतिदिन गांव से दर्जन भर से अधिक भारी वाहन अवैध मुरम लादकर गुजरते है। जिसे रोकने वाला कोई नहीं है। इस तालाब से मूरम चोरी रात दिन किया जाता रहा है। खनिज विभाग के सांठगांठ से ही इस तरह का अवैध मुरम खनन का कार्य किया जाता रहा है। मुडपार सरंपच चोवाराम बंजारे ने बताया कि मूरम का काम अभिलाश राव, दीपक सिंह को मिला हुआ है। इन्हें ग्राम पंचायत एनओसी दिया है। रफ्तार वाहनों को धीरे चलाने की भी हिदायत दी जाती है।



### मुरम से भरा था हाइवा

ग्रामीणों ने बताया कि यहां मूरम का अवैध खनन लंबे अर्से से किया जाता रहा है। हादसे के समय भी हाइवा चालक मूरम लादकर तेज रफ्तार से गांव के बीच से वाहन को लेकर जा रहा था। शनिवार करीब 4.30 बजे स्कूल छुटने का समय था। तभी छात्र आ रहा था और तेज रफ्तार हाइवा चालक ने छात्र को चपेट में लिया। ठोकर मारने के बाद डम्पर चालक फरार हो गया लेकिन ग्रामीणों ने कुबेर ट्रांसपोर्ट के हाइवा को पकड़ लिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि छात्र को इसी ट्रांसपोर्ट के हाइवा चालक ने ठोकर मारा है। सड़क हादसे में हुए छात्र के मौत को लेकर ग्रामीणों में जमकर आक्रोश है। करीब तीन-चार घंटे तक सड़क को जाम कर ग्रामीणों ने रखा था।

### छात्र की हादसे में मौत हुई

हादसे में स्कूली छात्र की मौत हो गई है। मुआवजा राशि की मांग ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा था। ट्रांसपोर्टर व परिजनों के मध्य बातचीत हुई। मौके पर 40 हजार रुपए दिया गया। हादसे की जांच में पुलिस जुटी हुई है। हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया जाएगा।

-हरिश पाटिल,
सीएसपी छावनी

### 11 माह में 260 की सड़क हादसे में मौत

माह जनवरी से नवम्बर 2024 को जिले के 23 थानों में 990 सड़क हादसे हुए। जिसमें 852 लोग घायल हुए और 260 लोगों की मौके और लपचार के दौरान मौत हुई है। इसमें सबसे बड़ा कारण शराब पीकर वाहन चलाना प्रमुख बात सामने आई है। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही के कारण भी हादसा हो रहा है। कई जगह अब भी वाहनों की जाम की स्थिति निर्मित होती है। रफ्तार वाला वाहनों पर अंकुश नहीं लगाने से हौसला उनका बुलंद है। दुर्ग जिले में सड़क हादसों का आंकडा लगातार बढ़ने से लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

घटना जामुल थाना क्षेत्र की है घटना

# अनाचार कर जेवर लूटने वाला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अनाचार करने के बाद महिलाओं के जेवर को लूटकर फरार होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए क्राइम डीएसपी हेमप्रकाश नायक ने बताया कि घटना 15 दिसंबर को ग्राम नवातरिया खेदामारा निवासी महिला ने जामुल पुलिस में शिकायत दर्ज कराया था। महिला घरों में साफ सफाई का काम करती है। शाम 6:30 बजे सुविधा अस्पताल के आगे गोयल फटाका गोदाम के पास अज्ञात युवक सिल्वर रंग की बाइक से पहुंचा। महिला को धक्का देकर गिरा दिया। इसके पूर्व भी बोगदा पुल के पास आरोपी ने इसी तरह का घटना को अंजाम दिया था। जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ युवक अनाचार किया। युवक ने महिला का सोना चांदी के जेवरात को लेकर फरार हो गया। आरोपी की तलाश में एसीसीयु की टीम जुटी रही।

पुलिस ने घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज इकठ्ठा किया। जांच के बाद पुलिस फूटेज के आधार पर बाइक चालक की खोजबीन में लग गई। पुलिस ने संदेह के आधार पर लेबर कैंप राममंदिर रावणभाठा जामुल निवासी ह्रदेश यादव 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आरोपी का मूल निवास यूपी है। यहां किराए के मकान में रहकर घटना को अंजाम दिया करता था। पत्रकारवार्ता में सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, एसीसीयु प्रभारी तपेश्वर नेताम मौजूद थे।

### बाइक की मदद से गिरफ्त में आया आरोपी

पुलिस ने बताया कि 17 दिसंबर को भिलाई नगर थाने में भी ऐसा ही एक मामला सामने आया। जिसमें महिला भी घरेलू काम करती है। अस्पताल में घरेलू झाड़ू पोछा का काम के बाद अपनी सायकल से घर सेक्टर 10 के लिए जाते समय सड़क 35 के पास एकांत में खड़े एक 20-22 साल के युवक अचानक से सामने आकर हेन्डल पकड़ लिया। फिर झाड़ियों की तरफ मोड़कर ले गया और गिराकर अन्दर झाड़ियों में खींचकर वहीं पड़े पत्थर को सिर में पटककर मारने की धमकी देकर अनाचार करने लगा। महिला के चिल्लाने के बाद आसपास के लोग बाहर निकले। तब आरोपी बाइक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बाइक को मौके से जब्त किया। बाइक का डिटेल के बारे में पता चला कि वाहन स्वामी एसीसी जामुल का है। वाहन स्वामी एसीसी जामुल फैक्ट्री में कार्यरत था जो 2022 में सेवानिवृत्त उत्तर प्रदेश चला गया। बाइक के बैग में साहू सर्विस सेन्टर, नंदिनी रोड पथरिया प्रो. नंद किशोर साहू लिखा मिली। उसने बताया कि गांव डुमा-पथरिया निवासी चेतन साहू के पास ऐसा वाहन होना बताया गया। पुलिस ने संपर्क करने पर उसने बताया कि उक्त बाइक को एलएन पाण्डेय से दो वर्ष पूर्व 12 हजार रुपए में खरीदा और 1 माह पहले ही लेबर कैम्प राम मंदिर के पीछे, रावण भाठा जामुल निवासी ह्रदेश यादव को 9 हजार में बेचने की जानकारी दी।

# हत्या मामले में दो आजीवन व एक को 4 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- दुर्ग न्यायालय का फैसला
- लोक अभियोजक अरविंद कुमार चंदेल

पत्थर पटकर हत्या करने वाले आरोपियों को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश दुर्ग श्यामवती मरावी ने दो आरोपी को अजीवन व एक को चार वर्ष की सजा सुनाई है।

मिली जानकारी के मुताबिक घटना खुर्सीपार थाना क्षेत्र के आईटीआई ग्राउंड मैदान में माह फरवरी 2022 को श्याम कुमार उर्फ मोनू नामक युवक की हत्या कर उसके शरीर को नग्न कर फेंक दिया गया था। जिसकी विवेचना खुर्सीपार थाना प्रभारी रहे दुर्गेश शर्मा ने की थी। इस अंधे कत्ल में पुलिस ने 72 घंटे में आरोपी बलराम क्षत्रिय,झुमन साहू,यशवंत कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया था। खुर्सीपार पुलिस की उत्कृष्ट विवेचना और परिस्थिति जन्य साक्षो के आधार पर आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा मिली है। 6-7 फरवरी की दरमियानी रात को आईटीआई ग्राउंड में श्याम कुमार उर्फ मोनू की पत्थर से लिंग फोड़ कर उसके सिर कुचलकर अज्ञात ने हत्या कर शव को फेंक दिया था। पुलिस को गुमराह करने शव को नग्नावस्था में छोड़ आरोपी फरार हो गए थे। आरोपी बलराम क्षत्रीय, झुमन साहू ने योजना बनाकर श्याम कुमार उर्फ मोनू को शराब पिलाने 6 फरवरी की रात को आईटीआई ग्राउंड में ले गए थे। जहां शराब पिलाने के बाद मृतक के लिंग को पत्थर से फोड़कर उसकी हत्या कर दिया था। पहचान छुपाने की नीयत से उसके सिर को भी कुचला गया था। पूछताछ के बाद आरोपी बलराम क्षेत्रीय ने बताया कि मृतक श्याम कुमार उर्फ मोनू उसके पत्नी और उसके मर्दानगी के बारे में अपशब्द बोलता था। आक्रोश में आकर अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसे रास्ते से हटाने हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी बलराम ,झुमन साहू को सश्रम आजीवन कारावास और यशवंत कुमार को 4 वर्ष का सश्रम कारावास, जुर्माना दंड से दंडित किया है।

# न्यूनतम तापमान बढ़ा, ठंड में आई कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले का न्यूनतम तापमान शुक्रवार को सामान्य से 3.3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। हवा की दिशा में बदलाव की वजह से ठंड में काफी कमी आई है। मौसम के इस उतार-चढ़ाव से लोगों के सेहत पर भी असर पड़ने लगा है। लोगों को सर्दी, जुकाम, बदन दर्द और हल्के बुखार की शिकायत होने लगी है। मौसम विभाग के मुताबिक 21 दिसंबर को बदली और कहीं-कहीं हल्की बारिश की स्थिति बन सकती है।

हवा की दिशा में बदलाव का असर

### पश्चिमी विक्षोभ 72 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में



मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ 72 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक अवदाब दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है। इसके उत्तर दिशा में आगे बढ़ते हुए तटीय आंध्र प्रदेश की ओर आने की संभावना है। इसके बाद यह उत्तर-उत्तर-पूर्व की मुड़ने की सम्भावना है । इन दोनों मौसमी तंत्र के प्रभाव से हवा की दिशा में परिवर्तन हुआ है, जिसके कारण दक्षिण छत्तीसगढ में बादल छाए हुए हैं। परिणामस्वरूप न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की प्रबल संभावना है।

### न्यूनतम तापमान में आएगी गिरावट

मौसम के इस बदलाव की वजह से लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा है।शुक्रवार को बदली की स्थिति रही। इसलिए गर्मी लगने लगी। शाम होते ही हर दिन ठंड जकड़ लेती है लेकिन यह स्थिति नहीं बनी। लोग बिना जैकेट के ही हल्के स्वेटर से काम चलाने लगे। रात का तापमान भी पहले जैसा नहीं रहा है। अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस रहा है। जो सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा है।

### ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई

**भिलाई।** बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले चालको पर ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की है। एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया कि सडक दुर्घटना में अचानक होने वाले मौत को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान चला रही है। विगत 3 दिनो में बिना हेलमेट 598 वाहन चालको पर कार्रवाई की गई। नेशनल हाईवे और अन्य प्रमुख मार्ग पर बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाको, बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा रही है।

जमीन को शासकीय भूमि में परिवर्तित किए जाने के आदेश को विधायक रिकेश ने कराया निरस्त

# कुरूद कोहका बस्ती की 18 हेक्टेयर आबादी जमीन में बंटेगा पट्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



कुरूद कोहका ग्राम में दर्ज 18.730 हेक्टेयर आबादी जमीन को वर्ष 2022-23 में शासकीय भूमि में परिवर्तित किए जाने के मामले में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बड़ी पहल की है। अब इस जमीन पर आबादी पट्टे का वितरण किया जा सकेगा। विधायक रिकेश ने राजस्व एवं आपदा विभाग मंत्री टंकराम वर्मा को बताया कि भूमि परिवर्तन की पूर्व सूचना बस्ती वासियों को भी नहीं दी गई थी जिससे वर्ष 2022-23 से पूर्व इस आबादी भूमि पर कई लोगों ने आबादी पट्टा बनवा लिया था। लेकिन गांव के अधिकांश लोग पट्टा से आज भी वंचित हैं क्योंकि भूमि परिवर्तन से नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा इस भूमि का पट्टा नहीं दिया जा सका। श्री सेन ने शासकीय दस्तावेज में हेर फेर की स्थिति को निरस्त कर पूर्ववत आबादी भूमि रखने के संबंध में राजस्व मंत्री से चर्चा की। मंत्री टंकराम वर्मा ने तत्काल दुर्ग कलेक्टर को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। कुरूद और कोहका बस्ती में 18.730 हेक्टेयर आबादी जमीन के परिवर्तन को पूर्ववत किए जाने से पट्टा का इंतजार कर रहे इस क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। आबादी जमीन को शासकीय जमीन में दर्ज किए जाने की वजह से ही इस क्षेत्र में पट्टा वितरण नहीं हो पाया था।

### मेडिकल कॉलेज सोसायटी में विधायक रिकेश गजेंद्र, ललित, कोर्सेवाड़ा सहित आठ नामित



**भिलाई।** स्वाशासी सोसायटी, मेडिकल कॉलेज दुर्ग में छत्तीसगढ़ शासन ने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन सहित 5 जनप्रतिनिधि और स्वास्थ्य क्षेत्र से 2 लोगों को साधारण सभा सदस्य एवं डॉ. शरद पाटनकर को प्रबंध कार्यकारिणी समिति में सदस्य नामित किया है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर संजय कुमार मरकाम ने आदेश जारी किए। जनप्रतिनिधि के रूप में विधायक रिकेश सेन के साथ दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, चिकित्सा क्षेत्र से डॉ. राहुल गुलाटी, डॉ नरेश तेजवानी, विश्वविद्यालय द्वारा नामांकित प्रतिनिधि सुरेश कोठारी तथा प्रबंध कार्यकारिणी समिति में शासन द्वारा नामित डॉ शरद पाटनकर सदस्य होंगे।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# डीएमसी के खिलाफ कार्रवाई करने राज्य शासन के आदेश से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

समग्र शिक्षा के डीएमसी सुरेन्द्र पांडेय के खिलाफ सीएसी की नियुक्ति में गडबडी, लैपटाप घोटाला और छात्रावास के वित्तिय लेन-देन में शासन के मापदंडों का पालन नही किए जाने जैसे मामले की शिकायत पर राज्य शासन द्वारा कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर को दिए हैं। राज्य शासन ने प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही कर अवगत कराने कहा हैं। इस आदेश के आने के बाद शिक्षा महकमा में हडकंप की स्थिति निर्मित हैं।

शिकायत में लिखा गया है कि, डीएमसी पद प्राचार्य का हैं, जबकि पिछले लंबे समय से डीएमसी के पद में सुरेन्द्र पांडेय पदस्थ है, जो व्याख्याता वर्ग के हैं। सीधे पदस्थापना पर सवाल उठाते हुए उन्हें मूल शाला में भेजने की मांग की गई हैं। जानकारी अनुसार राज्य पेंशनर एवं कर्मचारी कल्याण संघ छग के प्रांतीय कोषाध्यक्ष रूद्र नारायण सिन्हा ने विगत सत्रह अक्टूबर 2024 को संयुक्त संचालक दुर्ग से लिखित शिकायत की थी। जिसमें उन्होने डीएमसी पर तत्काल कार्यवाही कर उन्हें मूल शाला में भेजने की मांग की थी। शिकायत में बताया गया कि, उनके द्वारा हाल ही के अक्टूबर माह में सीएसी की नियुक्ति गलत ढंग से की गई।

उन्होने मनमानी करते हुए अपने लाभ के लिए कई सीएसी को सिंगल आदेश निकालकर हटाया। इसके आलावा उन पर लैपटाप खरीदी के लिए चार लाख राज्य से मिले थे, लेकिन निजी संस्था को निर्धारित लैपटाप से अधिक की खरीदी कर 4 लाख 77 हजार का भुगतान कर दिया गया हैं।

वहीं छात्रावास के वित्तिय लेन देने में मापदंडों का पालन नही करने और पात्र नही होने के बाद भी डीएमसी बनाए जाने की लिखित शिकायत की थी। उनके शिकायत के आधार पर संभागीय संयुक्त संचालक ने विगत 21 अक्टूबर 2024 को ही प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा को पत्र लिखकर इस शिकायत से अवगत कराया था। इस शिकायत पर समग्र शिक्षा की एमडी दिव्या मिश्रा ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को पत्र लिखकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। डीएमसी पर कार्यवाही के बाद उन्होने जांच रिपोर्ट से अवगत कराने कहा था। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा कोई एक्शन नही लिया गया हैं।

## पूर्व में भी छात्रावासों में अपात्र बच्चों को रखने की हुई थी शिकायत

### आदेश को ही दबा दिया गया

राज्य शासन के आदेश को दबाए जाने की भी शिक्षा महकमे में खूब चर्चा हो रही है। संभागीय संयुक्त संचालक ने समग्र शिक्षा को शिकायत से अवगत कराया था। लेकिन एमडी द्वारा जारी आदेश की प्रतिलिपि भी संयुक्त संचालक को नही मिली है। सहायक संभागीय संयुक्त संचालक सत्यनारायण स्वामी का कहना हैं कि, ऐसा कोई आदेश उन्हें नही मिला हैं। जबकि एमडी ने सीधे कलेक्टर को पत्र लिखा है, जिसमें प्रतिलिपि जेडी का भी उल्लेख हैं। जिला प्रशासन ने भी आदेश को लेकर कोई एक्शन नही लिया हैं। इस मामले में कलेक्टर से उनका पक्ष लेने संपर्क किया गया, लेकिन उन्होने फोन रिसिव नही किया।




### जांच करने कहा

राज्य शासन द्वारा जारी आदेश में डीएमसी के मामले में जांच करने कहा हैं। जांच कर कलेक्टर को इससे अवगत कराएंगे।

-**अरविंद मिश्रा,** डीईओ, दुर्ग

### डीईओ ने नही की कार्यवाही, प्रशासन भी बेपरवाह

राज्य शासन द्वारा विगत 28 नवंबर 2024 को कलेक्टर के नाम आदेश जारी किया गया हैं। क्योंकि जिले में समग्र शिक्षा की प्रमुख कलेक्टर होते हैं। इसलिए राज्य समग्र शिक्षा द्वारा कलेक्टर को कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। लेकिन आदेश आने के बाद शिक्षा विभाग सहित जिला प्रशासन ने कोई कार्यवाही नही की है। खबर है कि, इस आदेश को दबाने का भरकस प्रयास किया जा रहा हैं। सूत्रों ने बताया कि, इस आदेश को न सिर्फ दबाने बल्कि कार्यवाही से बचने भी महकमा द्वारा राजनीतिक गलियारों में चक्कर लगा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### बाबा गुरु घासीदास जयंती मनाई गई

**दुर्ग।** महामाया बुद्ध विहार कल्याण समिति कर्मचारी नगर द्वारा संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। कर्मचारी नगर के सभी निवासियों द्वारा गुरु घासीदास जी के 268 वीं जयंती के अवसर पर उनके जीवन से संबंधित सभी पहलुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त किया। कवि लक्ष्मी नारायण कुम्भकार ने गुरु बाबा से संबंधित कविताओं का पाठ किया एवं वक्ता राकेश बंबार्डे ने बाबा गुरु घासीदास के जीवन चरित्र पर अपना सारगर्भित व्याख्यान देते हुए गुरु बाबा के तमाम मानव कल्याणकारी कार्यों का स्मरण किया। समिति के अध्यक्ष संदीप पाटिल ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी को जयंती की बधाई दी। इस अवसर पर पारंपरिक बोबरा चीला इस दिन जैत खाम में विशेष रूप से अर्पित किया जाने वाला छत्तीसगढ़ी व्यंजन की व्यवस्था की गई थी।

### डीएव्ही स्कूल में वार्षिक खेलकूद का आयोजन



**दुर्ग।** डीएव्ही मॉडल हायर सेकण्डरी स्कूल दुर्ग में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता मिनी स्टेडियम शिक्षक नगर में मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि आर्य शिक्षा समिति दुर्ग - भिलाई के अध्यक्ष विनीत बंसल, उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव, सचिव संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष सुजीत खरे तथा प्राचार्या श्रीमति रम्मी सिंग उपस्थित थे। मुख्य अतिथि विनीत बंसल ने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियो में पढ़ाई के साथ - साथ खेल बहुत जरूरी है बच्चों को उनकी रूचि के अनुरूप उनकी क्षमताओं का पहचान कर आगे बढ़ना आवश्यक है जिससें विद्यार्थियों का शारीरिक एवं मानसिक तथा अनुशासन का विकास हो । विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को आर्यभट्ट , रोहिणी , भास्कर एवं अपोलो ग्रुप में बांटा गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्पर्धाएं जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर, रिलेरेस, सेक रेस, रस्सी कूद, कबड्डी, खोखो गोला, फेंक, लम्बी व ऊँची कूद , बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में स्कूल में विधार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया ।

## राहत नहीं : कुल धान खरीदी का अब तक सिर्फ दस फीसदी ही उठाव

# जिले में 27 लाख क्विंटल की धान खरीदी, उठाव सिर्फ 10 फीसदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जिले के मिलरों ने धान खरीदी के टारगेट (67 लाख क्विंटल) से अधिक का कस्टम मिलिंग करने एग्रीमेंट करा लिया है। लेकिन बैंक गारंटी जमा करने आदि प्रक्रिया में देरी किए जानेसे उठाव में अब तक तेजी नही आई है। हांलाकि जिले के डेढ दर्जन उपार्जन केन्द्रों में ट्रके लगनी शुरू हो गई हैं। लेकिन गिनती की ट्रके लगने से किसानों को जाम से राहत नही मिलेगी।

जानकारी अनुसार जिले के 139 मिलरों में 119 ने पंजीयन कराया हैं। इनके द्वारा दुर्ग सहित अन्य जिलों से 83 लाख क्विंटल धान उठाव करने एग्रीमेंट भी कर लिया गया हैं। जबकि मिलरों को सिर्फ 8 लाख 27 हजार क्विंटल उठाव के लिए डीओ जारी किया गया हैं। वही उठाव सिर्फ दो लाख 6760 क्विंटल का हुआ है। यानि जिले में अब तक 27 लाख क्विंटल की खरीदी में उठाव सिर्फ दस फीसदी ही उठाव हो सका हैं। जानकारी अनुसार मिलरों द्वारा मिल की क्षमता अनुसार कस्टम मिलिंग के लिए एग्रीमेंट किया जाता हैं। एग्रीमेंट के बाद मिलरों को जितना धान उठाने है, उतने का बैंक गारंटी जमा करना होता है। लेकिन जिले में मिलर बीजी जमा करने में देरी कर रहे है। ऐसे में उठाव के लिए डीओ जारी नही हो पा रहा है। यही कारण है कि, मिलरो के हडताल समाप्त होने के बाद भी उठाव में अब तक तेजी नही आ रही हैं।

**जिले में मिलरों ने अब तक उठाया 2 लाख क्विंटल धान, अभी भी उठाव में तेजी नहीं**



### प्रक्रिया नही करने से देरी

मार्कफेड से मिली जानकारी अनुसार जिले के मिलरों ने 224 एग्रीमेंट कराया हैं। जिसमें आठ लाख क्विंटल धान का ही उठाव होगा। हांलाकि अफसरों का कहना है कि, हडताल सै लौटने के बाद मिलर आगे की प्रक्रिया में जूट गए है। इधर एग्रीमेंट के बाद बैंक गारंटी जमा नही होने के कारण डीओ जारी नही हो पा रहा है। यही कारण है कि, अभी गिनती की ही ट्रके उपार्जन केन्द्रों में लग रही हैं।

### सेलूद संग्रहण केन्द्र में तैयारी नहीं, ट्रकें खड़ी रही

सूत्रों ने बताया कि, सेलूद संग्रहण केन्द्र प्रशासन द्वारा सप्ताहभर पहले खोल दिया गया हैं। लेकिन यहां अब तक धान रखने तैयारी नही की गई हैं। शुक्रवार को 45 ट्रके धान लेकर पहुंची थी, लेकिन अनलोड इसलिए नही हो सकी, क्योंकि यहां भूसे से बनने वाला स्टेग तैयार नही किया गया था। सेलूद संग्रहण के लिए डगनिया, तेलीगुंड्रा, फुंडा, कलिहारी, फेकारी, पाटन, सोनपुर, घुघवा, फुंडा किए जाने की तैयारी हैं।

### पन्द्रह केन्द्रों में बंद थी खरीदी

जिले के नंदनी खुंदनी, कन्हारपुरी, कुम्हली, कोडिया, डोडकी, नवागांव, पथरिया, पाहरा, फेकारी, फुंडा, बिरेझर, दनिया, बोरी, रसमडा और छोटेपुरदा में खरीदी बंद थी। बताया गया कि, मिलरो ने उतई, बोरीगारका, फुंडा, सांतरा, माटरा, कोडिया, अंडा, कुटरेल, रिसामा मचांदुर चंद्रखुरी पाहरा अहिवारा भेडसर ननकट्टी व जेवरासिरसा से उठाव शुरू हो गया हैं। यहां उठाव शुरू होने से आगामी दिनों राहत मिलने की उम्मीद हैं।

## कांग्रेसी पार्षद के फर्जी ओबीसी प्रमाण पत्र के खिलाफ हल्ला



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

नगरनिगम के एमआईसी मेंबर अब्दुल गनी खान के फर्जी जाति प्रमाण पत्र मामले में भाजपा पार्षदों ने हल्ला बोल दिया है। शुक्रवार को भाजपा पार्षद दलों ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें पिछले पांच साल के मानदेय राशि वसूली कर पद से हटाने व कानूनी कार्यवाही की मांग की हैं।

■ एमआईसी मेंबर से पांच साल के मानदेय वसूली की मांग

नगरपालिक निगम में सन् 2014 में वार्ड नं. 8 तकियापारा पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित था। जिसके चुनाव में कांग्रेस के अब्दुल गनी कुरैशी आत्मज अब्दुल हमीद कुरैशी निर्वाचित हुए थे। जिस पर पिछड़ा वर्ग जाति पर अनुविभागीय कार्यालय में शिकायत दर्ज किया गया कि, कूटरचित दस्तावेज के आधार पर पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुनाव लड़ा गया है। जिस पर संबंधित न्यायालय द्वारा जाति प्रमाण पत्र के अवैध करार दिया है। इस विषय पर नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष देवनारायण चंद्राकर के नेतृत्व एवं भाजपा पार्षदों तथा पदाधिकारीयों द्वारा दुर्ग कलेक्टर को एवं संभाग आयुक्त को निवेदन किया गया कि, उक्त कृत्य पर कांग्रेस पार्षद अब्दुल गनी कुरैशी से पिछले सन् 2014 से 2024 तक प्राप्त शासकीय मानदेय की राशि वसूल की जाए एवं आगामी चुनाव में लड़ने हेतु अयोग्य किया जाए एवं उस पर आवश्यक अपराधिक मामला दर्ज करने का आग्रह किया गया इस दौरान भाजपा पार्षदों में देवनारायण चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, कांशीराम कोसरे, कुलेश्वर साहु, कमल देवांगन, मनीष साहु, खिलावन मटीयारा, पूर्व पार्षदगण दिनेश देवांगन, दिलीप साहु, विजय जलकारे, लिलाधर पाल, भास्कर तिवारी, महेश सार्वा, निलेश यादव अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

### सायकल से रामेश्वरम एवं कन्याकुमारी यात्रा आज से

**दुर्ग।** भारत को हिन्दू राष्ट्र की कामना के साथ मंगल साहू आज शनिवार को दोपहर 2 बजे शीतला तालाब स्थित राम मंदिर समृद्धि बाजार से पूजन पश्चात यात्रा का शुरु करेंगे। उल्लेखनीय है दुर्ग निवासी मंगल साहू, तीन बार शिर्डी रिक्शा से, 2 बार सायकल से महाकाल उज्जैन यात्रा, एक बार वैष्णवी देवी जम्मू काश्मीर एवं रामलला अयोध्याधाम एवं वाणारसी का यात्रा कर चुके है।

## कार्यशाला : तकनीकी कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य करने दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत अहिवारा वितरण केंद्र कार्यालय निरीक्षण के साथ कुम्हारी उपसंभाग के अंतर्गत समस्त वितरण केंद्रों के तकनीकी कर्मचारियों हेतु एक दिवसीय विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

■ विद्युत दुर्घटना से बचाव व सुरक्षा की दी

जिसमें मुख्य अभियंता एम जामुलकर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एचके मेश्राम, कार्यपालन अभियंता टीएल सहारे एवं श्रीमती अनसुईया ठाकुर एवं सहायक अभियंता अत्राकर रात्रे उपस्थित हुए। कार्यशाला में कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों के उचित उपयोग एवं स्वयं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तनाव रहित कार्य करने की जानकारी दी गई। कार्यशाला में मुख्य अभियंता श्री जामुलकर ने



तकनीकी कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए आपसी सामंजस्य से तनाव रहित होकर कार्य करने की सलाह दी।

अतिरिक्त मुख्य अभियंता एचके मेश्राम ने कर्मचारियों को आपस में संवाद स्थापित कर एवं सुरक्षा जोन बनाकर कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने मैदानी अमलों को सुरक्षा उपकरणों जैसे डिस्चार्ज रॉड, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर आदि का उपयोग करते हुए कार्य करने के निर्देश दिये। सुरक्षा उपकरणों की नियमित तौर से जांच करने और खराब होने पर तत्काल बदलने कहा। कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों को सुरक्षित ढंग से कार्य करने की शपथ दिलाई गई।

### आज होगी मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा

**दुर्ग।** जिला चुनाव अधिकारी भूपेन्द्र सवन्नी एवं जिला चुनाव पर्यवेक्षक अनुराग सिंहदेव द्वारा समन्वय पश्चात सर्वानुमति से दुर्ग जिले के मंडल अध्यक्षों के लिए सुनिश्चित किए गए नामो की घोषणा 21 दिसंबर 2024 को विधानसभावार एक साथ करेगें। जिसमें अहिवारा विधानसभा प्रातः 10:30 बजे मंगल भवन, वार्ड-3, वही दुर्ग शहर विधानसभा दोपहर 12 बजे, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा दोपहर 2 बजे, साजा विधानसभा (धमधा मंडल) दोपहर 02:30 बजे इन तीनों का जिला भाजपा कार्यालय में होगा, वही पाटन विधानसभा अपरान्ह 4 बजे खूबचंद बघेल भवन, अटारी, पाटन में करेगें। इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारी एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जिला भाजपा पदाधिकारी एवं जिला भाजपा कार्यकारिणी सदस्य, मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, पूर्व मण्डल अध्यक्ष, मोर्चो के जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री व निकायों के महापौर, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, पार्षदगण जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और वरिष्ठ भाजपा नेतागण उपस्थित होगें।

## सेमीफाइनल में डीईओ टीम पर भारी रहे टीचर्स टीम के बल्लेबाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

शिक्षक सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता 18 एवं 20 दिसंबर को आयोजित किया गया। जिसमें 10 टीमों ने भाग लिया, 18 दिसंबर को लीग मैच खेला गया। जिसमें चार टीम सेमीफाइनल पहुंचे। पहला सेमीफाइनल डीईओ वर्सेस दुर्ग टीचर्स के बीच खेला गया। जिसमें दुर्ग टीचर्स विजयी रहा। दूसरा सेमीफाइनल चरोदा टीचर्स वर्सेस धमधा टीचर्स के बीच खेला गया। जिसमें धमधा टीचर्स विजयी रहे और दोनों सेमीफाइनल जीतने वाले टीम फाइनल में महामुकाबला 20 दिसंबर धमधा टीचर्स और दुर्ग टीचर्स के बीच खेला गया। धमधा टीचर्स को पहले बल्लेबाजी करने का आमंत्रण दिया और आठ ओवर में



101 रन का स्कोर खड़ा किया। उसके जवाब में दुर्ग टीचर्स ने जीत हासिल कर फाइनल मुकाबले में विजयी हुए। आज के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डीईओ अरविन्द मिश्रा, बीईओ गोविंद साव, पुष्पा पुरसोतमन, अमित घोष, चंदशेखर तिवारी, ओम प्रकाश पांडेय, हरीश देवांगन, रमीज रजा, चंद्रहास देवांगन की उपस्थिति में विजयी टीम को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर बधाई और शुभकामनाएं दिया गया। उपविजेता टीम धमधा टीचर्स को भी ट्रॉफी और शील्ड प्रदान कर बधाई दिया गया। साथ ही मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज वीर नारायण रात्रे दुर्ग टीचर्स के बैट्समैन, बेस्ट बॉलर महेंद्र निषाद, बेस्ट कीपर के रूप में टोपेंद्र पटेल धमधा टीचर्स, बेस्ट बैट्समैन दुर्गा प्रसाद साहू धमधा टीचर्स, पुरस्कार वितरण के पश्चात सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर विदाई दिया गया। अंत में संचालक अध्यक्ष कमल वैष्णव के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## मेयर सहित कई कांग्रेस और भाजपा के दिग्गजों का वार्ड महिला

# आरक्षण ने बिगाड़ा दिग्गज पार्षदों का समीकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

आगामी दिनों होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए हुए आरक्षण की बाढ में भाजपा और कांग्रेस के कई दिग्गज पार्षद बह गए है। अब वे राजनीतिक गलियारों में अपना ओहदा बनाए रखने के लिए महिलाओं को आगे करने की तैयारी में हैं। बहरहाल आरक्षण से ऐसे पार्षद प्रभावित हुए है, जिनकी आवाज की गूंज निगम के सदन में दमखम के साथ गूंजती थी। अब ऐसे में या तो उन्हें दूसरा वार्ड तरासना होगा या महिला उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारने होगें।

■ आरक्षण के चलते कई पार्षद हुए मायूस

उल्लेखनीय है कि, विगत 19 दिसंबर को आरक्षण की प्रक्रिया पूरी ली गई है। इस आरक्षण में भाजपा के शिवेन्द्र परिहार वार्ड 59, अरूण




सिंह वार्ड 21 और वार्ड सत्रह के पार्षद व वर्तमान में उप नेता प्रतिपक्ष का वार्ड महिला ओबीसी हो गया हैं। इसी तरह वार्ड चौबीस नरेश तेजवानी ओबीसी महिला, वार्ड 28 ओमप्रकाश सेन सामान्य महिला हो गया हैं। इधर कांग्रेस के दिग्गज पार्षदों में भी समीकरण बिगडे हैं। एमआईसी के बारह मेंबर में पांच सदस्यों का वार्ड महिला हो गया है। जिसमें शंकर सिंह ठाकुर वार्ड 14, हामीद खोखर वार्ड 41 ओबीसी महिला, वार्ड 54 अनूप चंदानिया का वार्ड एससी महिल हो गया है। इसके आलावा ऋषभ जैन वार्ड 36 ओबीसी और एमआईसी मेंबर मनदीप भाटिया का वार्ड सात ओबीसी हो जाने से उन्हें दूसरे वार्ड में मैदान तलाशना होगा।

### महिला उम्मीदवार उतारेगें बंजारे

कांग्रेस पार्टी में लंबे समय से काम करने और पार्षद के पद पर रहे मदन जैन 31 वार्ड सामान्य महिला हो गया। इसके आलावा वार्ड पचास के पार्षद रहे ज्ञानदास बंजारे का वार्ड सामान्य महिला होने से वे चूक गए। उनका कहना हे कि, वे अपनी जगह महिला उम्मीदवार को उतारेगें। वही वार्ड उन्नीस काशीराम रात्रे एससी महिला, वार्ड बीस के पार्षद रहे अमित देवांगन का वार्ड ओबीसी महिला, वार्ड पच्चीस राजकुमार नारायणी का वार्ड ओबीसी महिला, वार्ड 46 कमला शर्मा का वार्ड ओबीसी होने से वे चूक जाएंगे। यहां तक कि महापौर धीरज बाकलीवाल का वार्ड 32 भी ओबीसी में चले जान से वे भी आउट हो जाएंगे। सभापति राजेश यादव का वार्ड सामान्य हैं।

### आरक्षण को लेकर आपत्तियों का दौर

जिला प्रशासन द्वारा कराए गए आरक्षण से कई राजनीतिक संतुष्ठ नही हुए हैं। शुक्रवार को वार्ड चार के निवासी उत्तम साहू बूथ अध्यक्ष व अली हुसैन सिद्धकी ने आरक्षण में महिला रोस्टर का पालन नही किए जाने को लेकर आपत्ति लगाई हैं। उनका कहना था कि 2019 के परिसीमन के तहत सत्रह वार्ड प्रभावित हुए थे। ऐसे में वर्ष 2019 में शून्य मानकर आरक्षण प्रक्रिया अपनाई गई थी। उस दौरान वार्ड चार सहित करीब पांच वार्ड को महिला ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित किया गया था। लेकिन वर्ष 2024-25 के आरक्षण के लाटरी पध्दति में 2004 को चक्रानुक्रम मानकर ओबीसी लाट में वार्ड चार सहित कुल तीन वार्ड जिसमें 4,29,33 को भी ओबीसी लाट में शामिल किया गया। जिसे लाटरी से बाहर किया जाना था। इस आपत्ति दर्ज कराते हुए उन्होने पुनः विचार की मांग कलेक्टर से की हैं। सूत्रों ने बताया कि, अहिवारा में भी एक आवेदक ने वार्ड नौ को महिला आरक्षित करने पर आपत्ति जताई, जिसे बाद में बदलकर चौदह कर दिया गया हैं।

### प्रस्तावित आदेश के चक्कर में खरीदी बिक्री बंद

**दुर्ग।** केंद्र के भारतमाला परियोजना के लिए संभावित भू-क्षेत्र के आरंभिक सर्वे के बाद कलेक्टर दुर्ग ने फरवरी 2018 में संभावित भू-क्षेत्र के बाद दोनों ओर 100 मीटर भू-क्षेत्र में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश जारी किया था। जिसमें किसी भी प्रकार से स्वरूप परिवर्तन को प्रतिबंधित किया गया था, भारतमाला परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो गई है। मुआवजा का निर्धारण और भुगतान भी हो गया है। यहां तक कि, सड़क का निर्माण भी लगभग पूर्ण होने जा रही है। ऐसे में लगभग 7 साल पहले कलेक्टर दुर्ग के आदेश का कोई औचित्य नहीं रह गया है। आदेश शिथिल नही करने से अधिग्रहित भू क्षेत्र के बाद वाले 100 मीटर क्षेत्र की खरीदी बिक्री, बंटवारा ,नामांतरण आदि राजस्व गतिविधियां नहीं हो पा रही है।

## निगम में टैक्स जमा करने खुले अलग से काउंटर

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम के मुख्य कार्यालय गेट के निकट टैक्स जमा करने आने वाले लोगों के लिए अतिरिक्त कक्ष स्थापित किया गया है। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने टैक्स काउंटर का निरीक्षण कर मौजूद राजस्व अधिकारी मनीष कुमार गायकवाड़, उपराजस्व निरीक्षक निशांत यादव को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कमिश्नर ने कहा कि नगर निगम द्वारा ऑनलाइन टैक्स का काउंटर खोला गया। जिसमें करदाता आकर अपना टैक्स कैश में या यूपीआई, आरटीजीएस, एनईएफटी एवं चेक दौरा टैक्स का भुगतान कर सकते है। लेकिन चेक क्लियर होने के बाद टैक्स राशि जमा किया जायेगा। उन्होंने टैक्स से संबंधित जैसे ऑनलाइन टैक्स सहित आदि की जानकारी ली। निगम मुख्यालय के अलावा नजदीकी जोन व वार्डों में फील्ड में रहकर निगम कर्मचारियों में भी संपत्तिकर जमा किए जा सकते हैं। घर बैठे ऐसे कर सकते हैं ऑनलाइन जमा कई करदाता घर बैठे ऑनलाइन भी टैक्स जमा कर सकते है। मुख्य कार्यालय गेट के पास में टैक्स जमा करने आने वाले लोगों के लिए काउंटर बनाया गया है। निगम में विभिन्न प्रकार के टैक्स जमा करने आने वाले लोगों के लिए सुविधा को ध्यान में रखते हुए खोला गया है।



## खबर संक्षेप

### सम्मान समारोह आज

**निकुम।** शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण प्रतिभाशाली मेधावी बच्चों का सम्मान समारोह व वार्षिकोत्सव का 21 दिसंबर को सुबह 9 बजे आयोजन होगा। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद सदस्य रूपेश देशमुख होंगे। अध्यक्षता मैया लाल साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति निकुम करेंगे। विशिष्ट अतिथि सरपंच मुक्ति सुधाकर, उपसरपंच बाल चंदन, हर्षित इंदुरकर, राजेंद्र यादव, देवलाल साहू, दिलीप साहू पत्रकार होंगे। यह जानकारी आयोजन प्रमुख देव देशमुख ने दी।

### किसान सम्मेलन आज

**उतई।** सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का कार्यक्रम ग्राम पंचायत कातरो के प्राथमिक शाला स्कूल में दिनांक 21 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से रखा गया है।

## निधन

### रमाशंकर मिश्रा




**भिलाई।** न्यू खुर्सीपार निवासी रमाशंकर मिश्रा (गाना) का निधन 16 दिसंबर सोमवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार बनारस में किया गया। वे धीनेंद्र मिश्रा और जितेंद्र मिश्रा के पिता थे।

### आत्मा राम साहू



**दुर्ग।** ग्राम आमटी, (अंडा) जिला दुर्ग निवासी आत्मा राम साहू का निधन शुक्रवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे योगेश्वर साहू के पिता थे। उनके निधन पर ग्रामीणों व परिजनों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### आमोस कुमार



**भिलाई।** 15/31 इस्पात नगर रिसाली निवासी बीएसपी के पूर्व कार्मिक आमोस कुमार (68) का शुक्रवार को रामकृष्ण हास्पिटल रायपुर में निधन हो गया। उन्हें ह्दयाघात के बाद सेक्टर 9 हास्पिटल से रायपुर रिफर किया गया था। वे अपने पीछे पत्नी रोसी कुमार, पुत्री स्टेफी और पुत्र जांन्सन कुमार सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे पत्रकार जोस एंथोनी के जीजा थे। शनिवार को दोपहर 2 बजे इस्पात नगर निवास में प्रार्थना सभा के बाद तीन बजे क्रिश्चियन कब्रिस्तान नेहरु नगर में उनका अंतिम संस्कार होगा।

### संजय कुमार साहू



**अंडा।** ग्राम चिंगरी निवासी संजय कुमार साहू पिता जगन साहू उम्र 45 वर्ष का आकस्मिक निधन 19 दिसंबर हो गया। वे विनिता साहू के पति व भुनेश्वर साहू, दिनेश साहू के भाई थे।

### रमेश बंसल



**भिलाई।** कादंबरी नगर दुर्ग निवासी रमेश बंसल का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 दिसंबर को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सत्य प्रकाश बंसल , सतपाल बंसल के भाई एवं रूपेश बंसल के पिता थे ।

## किसान सम्मान समारोह का आयोजन

# भाजपा वादा निभाने में खरा, मिस गाइड करने वालों से किसान भाई सतर्क रहें: भगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जामगांव आर

सेवा सहकारी समिति जामगांव आर में विष्णु देवसाय की भाजपा सरकार की एक साल पूरा होने पर सम्मान समारोह आयोजित कर किसानों का सम्मान किया गया।

प्राधिकृत अधिकारी (सोसायटी अध्यक्ष) भगवान सिंह चंद्राकर, वरिष्ठ कृषक नरेश केला अध्यक्ष महाविद्यालय विकास समिति जामगांव आर, राम कुमार चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति जामगांव आर, पूर्व सरपंच के एल साहू, अंगेश्वर साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति जामगांव आर, युवा भाजपा नेता मेघनाथ सगरवंशी मंचासिन रहे।इस अवसर पर सोसायटी एरिया जामगांव आर, बोरवाय, औरी, भंसुली, खोला, बासीन के किसान हूब लाल चंद्राकर, भुवन साहू, संतराम साहू होमन चंद्राकर लालाराम आदि का सम्मान हुआ। वीरेंद्र कुमार देशमुख



समिति प्रबंधक एवं समिति के समस्त कर्मचारी गण सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। सेवा सहकारी समिति जामगांव आर प्राधिकृत अधिकारी भगवान सिंह चंद्राकर ने कहा कि भाजपा अन्नदाता का सदैव सम्मान करती है वादा निभाने में खरा है यह सब प्रत्यक्ष आप हम सब देख रहे 3100 रु क्विंटल और 21 क्विंटल खरीदी से सब किसान खुश है।स्वार्थ पूर्ति के लिए, मिस गाइड करने वाले भी मिलते है किसान भाइयों को इनसे बचना चाहिए।सतर्क रहना चाहिए।

### योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं

वरिष्ठ कृषक शासकीय कालेज अध्यक्ष नरेश केला ने कहा कि भाजपा किसानों की हितैषी है किसानों की हित का चिंतन करती है किसानों के लिए अनेकों योजना तैयार करती है लाभ लेने योजनाओं की जानकारी लेने सतत प्रशासन के संपर्क में रहें। योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं। मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू ने शासन की योजनाओं पर प्रकाश डाला। पूर्व सरपंच के एल साहू ने विपरिस्थित अंदाज में अपनी बातें रखी। मंच संचालन प्रमेश साहू कृषि विस्तारक अधिकारी ने किया।

# भाजपा किसान, मजदूर और युवा विरोधी, जनता भी इस बात को समझ चुकी : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

दक्षिण पाटन के ग्राम नवागांव ब एवं धमना में विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे। आयोजित कार्यक्रम की

■ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवागांव ब एवं धमना में विकास कार्यों का किया लोकार्पण

अध्यक्षता अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप ने की।विशेष अतिथि आशीष वर्मा पूर्व ओएसडी, राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, रूपेंद्र शुक्ला महामंत्री जिला कांग्रेस, भेष आठे जोन प्रभारी, अमित अग्रवाल सहसचिव ब्लॉक कांग्रेस थे। छत्तीसगढ़ महतारी, गुरु घासीदास के तैलचित्र की पूजा अर्चना कर ग्रामवासियों को विभिन्न सामाजिक भवनों को सौंपा। बघेल ने कहा कि हमने सभी वर्गों के हित में काम किया है। किसान, मजदूर, व्यापारी,




महिलाएं, युवा, अधिकारी, कर्मचारी सहित सभी समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में कांग्रेस सरकार ने सेवा, सुरक्षा दी थी। विष्णुदेव साय सरकार में सब वर्ग में हताश, निराश है। महंगाई, बेरोजगारी, बलात्कार, हिंसा, मारपीट, चरम सीमा पर है। भूमिहीन न्याय योजना, युवा मितान क्लब, बिजली बिल हाफ योजना, 35किलो चावल वितरण सहित सभी विकास कार्य सब सांय सांय बंद हो गया। ग्राम नवागांव ब धमना में करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात दी। पूर्व सीएम ने समरसता भवन, सीसी रोड, अहाता निर्माण, विभिन्न समाजों का सामुदायिक भवन, जिला पंचायत निधि स्वीकृत किए थे। सभी ग्रामों में चौड़ी सड़क, सिंचाई, नलजल योजना के लिए करोड़ों की स्वीकृति प्रदान की थी। वर्तमान में ये काम जारी है। आयोजित कार्यक्रम में सरपंच चंद्रभान साहू, उषा लोकेश महलवार, युवराज साहू, ढालसिंग़ साहू, अंकालू साहू, कौशल्या महिलवार, सचिव नरेश महतो, रूखमणि साहू, सतीश सोनी, उदराज साहू, शकुन यादव, सुरेश महिलवार, गणेश सोनवानी, लक्ष्मण सोनवानी, कोमल साहू, बीरबल साहू, शत्रुघन सिन्हा, कलीराम यादव आदि मौजूद थे।

# अपराध का पर्याय है कांग्रेस, खुद अपराध कर चिंता जताने का ढोंग करती है: ललित



**भिलाई।** भाजपा दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस की विधायक उत्तरी जांगड़े द्वारा अन्य विधायक उमेश पटेल, राम कुमार यादव, चतुरी नंद, कविता प्राण लहरे की उपस्थिति में बलौदा बाजार की आगजनी की घटना को कांग्रेस का शौर्य उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने कार्यकर्ताओं से ऐसा ही प्रदर्शन करने के लिए कहना छत्तीसगढ़ में बढ़ रहे अपराध के पीछे विशेषकर बलौदा बाजार अग्निकांड में कांग्रेस की भूमिका की आत्म स्वीकृति है। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस अपराध की चिंता करने का दिखावा करती है और सभी मामलों में षड्यंत्र करके छत्तीसगढ़ की फिजा खराब करने का प्रयत्न करती है।

कांग्रेस ने सामाजिक कार्यक्रम में असामाजिक तत्वों को घुसा कर समाज को बदनाम करने का षड्यंत्र किया। अब फिर वह वही षड्यंत्र कर रही है। इसके लिए उन्हें समाज से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजीव मितान क्लब बंद होने पर भूपेश बघेल का यह बयान की युवा खाली हो गए हैं, इसलिए प्रदेश में बलात्कार और हत्या की घटनाएं व अपराध बढ़ रहे हैं।



### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार प्रमोद जैन आ. श्री रमेश कुमार जैन, निवासी- प्लाट नं.- 10, डुमरडीह, दीप-शिखा स्कूल के पास, जिला-दुर्ग (छ.ग.) से प्रदत्त अधिकार और उनके बताये अनुसार आम सूचना जारी हो कि मेरे पक्षकार एवं विक्रेता रितेश कुमार आ. बलिराम, निवासी-ग्राम-छांटा, तहसील-पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा गुरूदेव चक्रधारी आ. राजबहोर चक्रधारी निवासी-ग्राम-छांटा, तहसील- पाटन, जिला - दुर्ग (छ.ग.) के माध्यम से भूमि प.ह.न. 23, खसरा नं. 196/5 रकबा 0.20 हेक्टे., मौजा-छांटा, जिसका ऋण पुस्तिका क्रं.पी-2224659, भूमि का पक्का सौदा दिनांक 18/11/2024 को 2,00,000/- रू. (अक्षरी दो लाख रू.) बतौर एडवांस राशि जमा कर शेष बकाया रकम बयनामा/ रजिस्ट्री के समय दिया जायेगा। इस लिये सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्धशासकीय विभाग द्वारा हस्ताक्षेप से विरत रहे अर्थात किसी प्रकार से संबंध रहे तो इस इश्तिहार के प्रकाशन से 07 दिन के भीतर दावा/ आपत्ति मेरे कार्यालय में कर सकते है। उसके उपरांत किये गये किसी प्रकार का दावा/ आपत्ति शुन्य माना जावेगा। मो.नं. 9827191956

स्थान- दुर्ग

दिनांक-16/12/2024

भवदीय

**उत्तम चौधरी (अधिवक्ता)**

**जिला न्यायालय दुर्ग (छ.ग.) बार रूम नं.- 3ए, मो.नं. - 8770155412**

# धान खरीदी को लेकर किसानों ने किया तहसील कार्यालय में प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमधा

■ युवा कांग्रेस महासचिव लोकेंद्र (रामा) वर्मा के नेतृत्व कार्यकर्ता और किसानों ने जताया

युवा कांग्रेस महासचिव रामा वर्मा के नेतृत्व में बोरी में भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदेश के किसानों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। इसमें धान खरीदी केंद्र में प्रशासनिक अव्यवस्था मुख्य रूप से उठाव के अभाव में धान खरीदी बंद, बारदाने की कमी, टोकन की अव्यवहारिक व्यवस्था, वजन में डेढ़ से दो किलो का नुकसान, 21 क्विंटल खरीदी में गफलत, 3100 एकमुस्त राशि न देना शामिल थे। किसानो को होने वाली अन्य परेशानी के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मधुसूदन राणा ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस, लुमेश्वर पटेल जनपद सदस्य, देहुती साहू जनपद सदस्य, टोमन साहू जनपद सदस्य, निक्की राजपूत, डाकेंद साहू, हेमलाल साहू ,राजेश मानिकपुरी, चोवा पटेल, बुधराम साहू, टिकेश्वर देशमुख, सूरज देशमुख, भयरव पटेल, मयंक देशमुख, उपेंद्र वैष्णव, नीरू साहू, नेतु साहू, डब्बू दिल्लीवार, मिलन निर्मल, नवीन निर्मल एवं अन्य किसान साथी उपस्थित थे।

### ग्राम परसदा डंगनिया में जयंती व मेला आज

**अंडा।** ग्राम परसदा (डंगनिया) में 21 दिसंबर को मेला मंडाई व गुरु घासीदास की 268वीं जयंती समारोह आयोजित है। मंगल चौका आरती का आयोजन ग्राम भाटापारा (बलौदा बाजार) के सानिध्य में शाम 4 बजे गुरु घासीदास बाबा का पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया जाएगा। रात्रि 9 बजे से संगीतमय नाच पार्टी ग्राम रानीदाहर के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जावेगी। यह जानकारी ग्राम सरपंच वा सेवा सहकारी समिति परसदा के अध्यक्ष कुलदीप साहू व नवयुवक सतनाम समिति अध्यक्ष कमलेश सिरमौर ने दी।

### भरदा में कबड्डी स्पर्धा 25 दिसंबर को

**अंडा।** दुर्ग जिला अंतर्गत ग्राम भरदा (कोनारी) में कबड्डी मैच का आयोजन किया जा रहा है जिसमे प्रथम पुरस्कार 11,001 द्वितीय 7001 ,तृतीय 5001 , चतुर्थ 3001 रुपये रखा गया है। व्यक्तिगत पुरस्कार भी रखा गया है। समिति के अध्यक्ष शुभम देशमुख, करण यादव ,करण यादव, सुमेंद निषाद अनिल देशमुख ,योगेंद्र यादव ,सिद्धांत यादव, देव देशमुख रामू निषाद, चुरामन देशमुख ,गुलाब देशमुख ,तन्मय यादव , टीकम यादव,दीपक यादव ने इसकी जानकारी दी ।

## खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह

# पर्यावरण की रक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|नंदिनी अहिवारा

जेके लक्ष्मी सीमेंट लाइम स्टोन माइस मेसर्स जेके लक्ष्मी खीमेंट लिमिटेड में आईबीएम रायपुर क्षेत्र के तत्वावधान में 8वीं खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह विगत दिनों मनाया गया।


इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि- छोटे डोंगर आइरन ओर माईस के डीजीएम संतोष कुमार सिंह शामिल हुए। साथ ही मेटाबोदली आइरन ओर माईस के डिप्टी मैनेजर पुपुन प्रधान और कलवर आइरन ओर माईस की असिस्टेंट मैनेजर जियोलॉजी, कुमारी स्वेतांगिनी पण्डा भी शामिल हुए। इस अवसर पर दुर्गा



जेके लक्ष्मी सीमेंट प्लांट के मुखिया मुकुल श्रीवास्तव उपस्थित हुए एवं पर्यावरण की रक्षा को प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी बताते हुए पौधारोपण करते रहने की बात कहीं। प्रत्येक कर्मचारी अपने कार्य स्थल एवं अपने घर के आसपास पौधारोपण कर पौधे को भरपूर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम में आकर्षण का मुख्य केन्द्र स्कूली बच्चों के द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स रही जो पर्यावरण संरक्षण की थीम पर आधारित थी। साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत और अन्य गीतों की प्रस्तुति भी अतिथियों के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिये प्रतिभागियों का चयन किया गया और सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में प्लांट के मुखिया मुकुल श्रीवास्तव, राजपाल सिंह शेखावत, खान के जीएम, बीएल भाटी, प्लांट से आये सभी विभाग के कर्मचारी और एचओडी, खदान के समस्त कर्मचारी, वरिष्ठ आफिसर, आफिसर व खदान के कामगार आदि समारोह को सफल बनाने के लिये शामिल रहे ।

## अंचल की खबरें

### सेवा सहकारी समिति ने किसानों का किया सम्मान



**कुम्हारी।** सेवा सहकारी समिति मर्या. कुम्हारी के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ सरकार का एक साल पूरा होने पर सरकार की उपलब्धियों एवं एक साल के सुशासन पर धान खरीदी केन्द्र कुम्हारी में आयोजन कर किसानों का सम्मान किया गया। शासन की योजनाओं की जानकारी किसानों को दी गई। प्राधिकृत अधिकारी मनोज वर्मा ने कहा कि शासन बिना ब्याज के ऋण उपलब्ध करा रही है। धान बिक्री की राशि 72 घंटे में किसानों को मिल रहा है। रामकुमार सोनी ने कहा कि छग में विकास की गति में तेजी आई है। डबल इंजन की सरकार होने की वजह से राज्य में विकास तेजी से बढ़ रहा है। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश शुक्लाभी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विमल कुमार वर्मा ने किया। आभार अवधेश शुक्ला द्वारा किया गया।

### कानाकोट स्कूल में बच्चों को मिला न्यौता भोजन



**सेलूद।** शाप्रा शाला व माध्यमिक शाला कानाकोट में शिक्षिका शहजाद बेगम कुरैशी ने अपने जन्म दिन पर बच्चों को न्योता भोज कराया। भोज में पूड़ी सब्जी दाल सलाद परोसा गया। इस पर समस्त शिक्षक स्टॉफ, रसोइया ग्रामीण जन सहित छात्र-छात्राओं ने मैडम को जन्मदिन की बधाई देकर स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की मंगल कामना किया। शिक्षक अनिल बनपेला ने बताया कि छग सरकार द्वारा बच्चों के हित में बेहतरीन प्रयास किया रहा है। मध्यान भोजन के जगह पर खीर, पूड़ी, बड़ा, हत्वा सहित सुपोषित भोजन मिला तो बच्चों में इसका गजब का उत्साह दिखा। इस अवसर पर प्रधान पाठक एमआर साहू, डीआर साहू शिक्षक अनिल कुमार साहू, लक्ष्मी साव, जागेंद्र साहू, रितेश टिकरिहा, कमल नारायण साहू, रसोइया केंवरा यादव, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भूपेंद्र विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

### शास. पूर्व माध्यमिक शाला चंदखुरी में बाल मेला



**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चंदखुरी में बाल मेला का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा शाला प्रांगण में खाने का स्टॉल लगाया गया। स्टाल में बच्चों ने इटली, गुपचुप, चना मुर्रा भेल, चमचम, रसगुल्ले, कोल्डिंक जूस आदि खाद्य सामग्रियों को बेचा गया। कार्यक्रम में भूपेन्द्र साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, बाबूराय साहू प्रधान पाठक, देवकीनंदन शर्मा समन्वयक त्रिभुवन देशमुख, चेतन साहू स्वाति प्रसाद सुनीता पालरकर विजयालक्ष्मी पाटिल पुष्पा गजेन्द्र संतोष शर्मा योगेश्वरी हरमुख, दिव्या तिवारी, योगेश चंद्राकर उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति और ग्रामवासियों ने बच्चों के द्वारा बनाए गए खाद्य सामग्रियों को खरीदकर खाया गया और भरपूर स्वादिष्ट का आनंद उठाया। बच्चों को खरीदी बिक्री का अनुभव मिला।

### विधायक चंद्राकर ने विस में उठाए जनहित के मुद्दे

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र में शुक्रवार को दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर क्षेत्र ने अपने क्षेत्र के विकास के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की आसंदी में चंद्राकर ने विषयों से सदन के अवगत कराया। इसमें हायर सेकंडरी स्कूल स्टेशन मरोदा, कुथरेल स्कूल का भवन निर्माण, लोक निर्माण विभाग द्वारा द्वारा किए गए निर्माण कार्यों से प्रभाविक ग्रामीणों को मुआवजा, भारत माला परियोजना का लंबित मुआवजा, आपदा प्रबंधन से जुड़े मामले शामिल थे। चंद्राकर ने कहा कि हायर सेकंडरी स्कूल स्टेशन मरोदा उन्नयन शाला है। छात्र दर्ज संख्या 270 है। मात्र 4 शिक्षक हैं, पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन में कक्षाएं लगती हैं। यहां बैठने में समस्या होती है। पुरानी बिल्डिंग होने की वजह से बरसात के दिनों में पानी टपकता है। नई बिल्डिंग की नितांत आवश्यकता है यहां पर गणित कला विज्ञान वाणिज्य की कक्षाएं संचालित हैं। हायर सेकंडरी स्कूल कुथरेल यह भी उन्नयन शाला है। कक्षा 9वीं से 11वीं कक्षाएं यहां संचालित हैं।







**खबर संक्षेप**

## सुरक्षा के प्रति जागरुक रहने का लिया संकल्प



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) द्वारा एचआर कान्फ्रेंस हाल में सुरक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बीके बेहेरा उपस्थित थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष विभागाध्यक्ष व मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत कार्मिकों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की। सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया। प्रमोद कुमार ने प्रमोद कुमार ने कर्मियों को सुरक्षा के प्रति हमेशा सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वर्ष 2023 के एच1/एच2 सुरक्षा आंकड़ों के आधार पर, 56 चुनिंदा ठेका कर्मियों को उनके उत्कृष्ट सुरक्षा प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुरस्कार प्राप्त कार्मिकों को उनके परिवारों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (एसएमएस-3) व विभागीय सुरक्षा अधिकारी पुष्पा एम्ब्रोस, महाप्रबंधक टी बैठा, संजीब कुमार मिश्रा सहित स्टील मेल्टिंग शॉप-3 के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कर्यक्रम का संचालन उपप्रबंधक अर्चना अतिका सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक कमल किशोर द्वारा किया गया। यह पुरस्कार संयंत्र के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं में ठेका कर्मियों द्वारा सुरक्षित कार्य प्रणाली अपनाने, सुरक्षा मानदंडों का पालन करने और कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति सख्त रवैया अपनाने के लिए प्रदान किया जाता है।

### श्री अरविंदो राष्ट्रीय पाठचक्र सम्मेलन आज से कलामंदिर में

**भिलाई ।** श्री अरविंदो योग साधना केंद्र सेक्टर-7 और छत्तीसगढ़ के श्री अरविंदो केंद्रों द्वारा आयोजित श्री अरविंदो राष्ट्रीय महिला पाठचक्र सम्मेलन 21 और 22 दिसंबर को समग्र महिला सशक्तिकरण विषय पर सुबह 10 बजे महात्मा गाँधी कला मंदिर में आयोजित किया जायेगा। दिसंबर को श्री अरविंदो राष्ट्रीय महिला पाठचक्र सम्मेलन का उद्‍घाटन किया जाएगा। इस सत्र में सम्मान समारोह होगा। उद्‍घाटन सत्र में दिव्य युग स्थापना में नारी की भूमिका विषय पर मुख्य उद्‍घाटन भाषण डां. श्यामा कनुंगो द्वारा दिया जाएगा। डां. बिजयीनी मोहापात्रा उद्‍घाटन भाषण देंगी। मुख्य सत्र में डां. श्यामा कनुंगो, डॉ सम्पदानंद मिश्रा, डॉ अपर्णा राय, अदीति बहन, गौतम भाई एवं डां. विभा वैष्णव द्वारा महिला सशक्तिकरण पर चर्चाएँ होंगी।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि त्रिपर्णा दासगुप्ता व विशिष्ट अतिथि (उपाध्यक्ष-भिलाई महिला समाज) नीरजा कुमारी सिंह, (अतिरिक उपाध्यक्ष-भिलाई महिला समाज प्राणोती मुखोपाध्याय, अति उपाध्यक्ष मौली चक्रवर्ती औरमीरा पण्डा शामिल होंगी। सम्मेलन के मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं का समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत करना है। इसमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक सशक्तिकरण पर विभिन्न चर्चाएँ, कार्यशालाएँ और गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

# कान्यकुब्ज चेतना मंच के सम्मेलन में बिखरेगी पारिवारिकता की खुशबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा को कान्यकुब्ज समाजिक चेतना मंच के सेक्टर-1 स्थित परिसर में रविवार को आयोजित पारिवारिक परिचय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ राज्य के साथ ही साथ देश के अनेक राज्यों से कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अनेक परिवार आ रहे हैं। पारिवारिक संबंधों का, संस्कारों को और अधिक सुदृढ़ीकरण बनाने की अनमोल धरोहर को निरंतर आत्मसात कर विस्तार का पूर्ण ध्यान रखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया

**परिचय सम्मेलन में प्रदेश के लोगों के जुड़ेंगे वैवाहिक रिश्ते**



है। पारीवारिक परिचय सम्मेलन का कार्यक्रम मुख्य अतिथि सच्चिदानंद शुक्ल, कुलपति पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर तथा विशिष्ट अतिथि जनक प्रसाद पाठक, आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम, भिलाई के आतिथ्य में संपन्न होगा।

सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ अनेकों राज्यों से आए कान्यकुब्ज ब्राह्मण युवक - युवती अपने परिवारों के साथ परिचयों का आदान-प्रदान करेंगे। यह विवाह के योग्य युवक युवतियों के लिए एक बड़ा मंच होगा।


### कौतुक सम्मान से होंगे सम्मानित

इस आयोजन के साथ ही साथ समाज के 75 वर्ष पूर्ण कर चुक वरिष्ठ सदस्यों को उनके उत्कृष्ट योगदान और समाज में भागीदारी के लिये "कौस्तुभ सम्मान" से सम्मानित भी किया जाएगा।कार्यक्रम में वैवाहिक पत्रिका चेतना के अंक का विमोचन भी किया जायेगा। आयोजन मेंकान्यकुब्ज समाजिक चेतना मंच, भिलाई के संरक्षक सदस्य और भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व कार्यपालक निदेशक पंडित बृजमोहन कुमार बाजपेई द्वारा लिखित इस्पाती जीवन के रोमांचक अनुभव पुस्तिका का विमोचन भी किया जायेगा।

## नए और आकर्षक वनप्राणियों की हो आमद

# मैत्रीबाग को एसेलवर्ल्ड के रुप में विकसित किए जाने की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



ठंड के मौसम के अपने पूरे शबाब पर होने के साथ ही मैत्रीबाग में पर्यटकों की आमद बढ़ गई है। इसे देखते हुए पचास साल पुराने चिड़ियाघर को और आकर्षक बनाए जाने दरकार है। सैलानियों के मुताबिक जू को आज के अनुरुप अपडेट करने के साथ नए आकर्षक देशी और विदेशी जानवरों और परिदों को लाए जाने की जरुरत है। इससे मैत्रीबाग का आकर्षण और बढ़ने के साथ लोगों को मनोरंजग सुविधा के साथ मैत्रीबाग की आय भी बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र का मैत्रीबाग रायपुर जंगल सफारी के बाद इकलौता चिड़ियाघर है। पचास साल पुराने इस जू प्रदेश में एक बड़े मनोरंजन व जू एजूकेशन के आकर्षण के केंद्र के रुप में अलग पहचान है। यहां भिलाई दुर्ग अंचल के अलावा पूरे प्रदेश से लोग यहां आते हैं। दुर्लभ सफेद बाघ की देश में यहा सबसे बड़ी नर्सरी हैं। वर्तमान में 8 वाइट टाइगर हैं। इसके साथ ही कई वन्य प्राणी और फूलों से अच्छादित आकर्षक उद्यान वाटिकाएं व लांन व झूले आदि हैं।

25 साल से फ्लावर शो देखने पचास हजार लोग आते हैं। लेकिन इस दौरान मैत्रीबाग में वन्य प्राणियों के सिमटने और अधिक आकर्षक और दुर्लभ प्रजातियों के जानवर, व पक्षी नहीं लाए जाने से पहले की अपेक्षा आकर्षण कम होता जा रहा है। सैलानियों ने बताया कि 90 के दशक तक ऊदबिलाव, यहां तीन जेब्रा, गोल्डन पीजेंट सहित कई आकर्षक वन्य प्राणी थे। इनकी मौत के बाद दीगर जू से नए वन्य प्राणी गिनती के ही लाए गए। यहां कोलकाता मुंबई, भुवनेश्वर और बैगलुरु भोपाल चिड़ियाघर की तरह खूबसूरत व विलुप्तप्राय प्रजाति के वन्य प्राणियों को लाने से रौनक बढ़ेगी।

### म्यूजिक फाउंटेन व बेबी ट्रेन हो शुरु

भिलाई सहित छग के बीस साल में तेजी से विकास को देखते हुए मैत्रीबाग को जू कम एसेलवर्ल्ड या मिनी जुरासिक पार्क के रुप में विकसित किए जाने की दरकार है। यहां इलेक्ट्रानिक व हवाई झूले, ट्राय ट्रेन, आदि मनोरंजक खेलों के साधनों के बढ़ाने के साथ खाने पीने और शापिंग की वैरायटी आदि की चौपाटी विकसित की जरुरत है। पर्यटकों ने बताया कि मैत्रीबाग की खूबसूरत झील का दायरा बढ़ा इसे डिजाइनर आकार में तब्दील कर इलेक्ट्रानिक बोटों के साथ बिगड़ी पड़ी बच्चों की ट्रेन को सुधारने व बंद पड़े म्यूजिकल फाउंटेन के शुरु होने से रौनक व आय बढ़ेगी। साथ ही जवाहर उद्यान तक विस्तार व वन्य प्राणियों के कैज की लंबित शिफ्टिंग व गाड़ियों के भ्रमण से पर्यटन शुरु होने से आकर्षण और बढ़ जाएगा।

मैत्रीबाग में वर्तमान में सौ से अधिक हिरण, डेढ़ दर्जन सांभर व दर्जनभर नील गाय दो दर्जन पेलिकान बर्ड और दुर्लभ वाइट टाइगर सहित अधिकतर वन्य प्राणी दस से पंद्रह साल पुराने हैं। पर्यटक इन्हें देखकर एकरस हो चुके हैं और कुछ नया चाहते हैं। परिदों के कैज में अधितकतर तोते, लव बर्ड, बंदर और उल्लू व खरगोश हैं। इनके साथ ही यहां 1 तेंदुआ, 2 भालू, 1 लायन, आधा दर्जन लकड़बघ्घे आदि सिंगल व अधिक उम्र के हैं। इनकी मौत के बाद कैज के खाली हो जाएंगे। इनकी संतती बढ़ने की समस्या आएगी।

## नंदिनी खदान में आठवां खदान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नंदिनी खदान में खदान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह" समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निरीक्षण दल के संयोजक उप महाप्रबंधक (जायसवाल निको) संतोष कुमार सिंह, उप प्रबंधक (जायसवाल निको) पुपून प्रधान, सहायक प्रबंधक (जूलॉजी बीएसपी) शवेतांगिनी पंडा एवं टीम के अन्य सदस्यों ने खदान का भ्रमण किया।

### पर्यावरण संरक्षण की दिलाई शपथ

अतिथियों का स्वागत नंदिनी खदान के सहायक महाप्रबंधक एस के खंडे, वरिष्ठ प्रबंधक आर राठौर और सहायक महाप्रबंधक अलंकर भिवगढ़े ने किया गया। कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में नंदिनी खदान द्वारा पर्यावरण के प्रति किए गए कार्यों व सीएसआर गतिविधियों के तहत किए गए कार्यों की भी जानकारी दी गई।

नंदिनी खदान के उप महाप्रबंधक वीरेंद्र कुमार सहित संतोष कुमार खांडे, अलंकार भिवगड़े, आर राठौर, अब्दुल समीम खान, एसके नायक, एसएन सिंह, पी बाबू, अशोक दास, विनीत यादव और अरविंद सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मृणालेश साहा ने किया।

कार्यक्रम में नंदिनी खदान के चलित मॉडल का प्रदर्शन भी किया गया। टीम के संयोजक संतोष कुमार सिंह ने पर्यावरण का ध्वजारोहण किया और सभी को पर्यावरण की शपथ दिलाई। वीरेंद्र कुमार ने स्वागत भाषण दिया गया। डीएव्ही पब्लिक स्कूल, छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल और शासकीय प्राइमरी स्कूल देवरझाल के बच्चों ने पर्यावरण के प्रति सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों ने पवन चक्की और जल संरक्षण के मॉडल बनाकर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ज्योति हायर सेकंडरी स्कूल सीजी और सीबीएसई की कक्षा पहली से लेकर कक्षा बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने बड़े ही उत्साह पूर्वक भाग लिया। विज्ञान विषय से संबंधित सभी क्षेत्र से प्रदर्शनी प्रस्तुत कर कार्यक्रम को रुचिपूर्ण बनाया, जिसमें पवन चक्की, जल संरक्षण, जल संग्रहण, अंतरिक्ष विज्ञान, खेती किसानी में विज्ञान का प्रयोग, सौर ऊर्जा संरक्षण, यातायात कानून, सौर मंडल, संचार सेवाएं, कंप्यूटर साइंस आदि विषयों पर विशेष नमूना तैयार किया गया, जो बहुत ही आकर्षक रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेंट थॉमस कॉलेज के प्रचार्य डॉ.एमजी रॉयमन उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं के मेहनत को सराहा।

# नहीं रहे केम्बो, शहर में शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



- आज होगा दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम भिलाई में अंतिम संस्कार

वरिष्ठ पत्रकार, उद्योगपति और छत्तीसगढ़ अल्प संख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह केम्बो नहीं रहे। उनका शुक्रवार को सुबह शंकराचार्य अस्पताल में निधन हो गया।

हाउसिंग बोर्ड कैलाश नगर औद्योगिक क्षेत्र निवासी वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र सिंह केम्बो (78 वर्ष) पत्नी लायनेस तृप्ता कौर तथा तीन पुत्रियों रजपाल कौर ( डांली), गुरप्रीत कौर (मोना) और सतप्रीत कौर ( सोना) सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। श्री केम्बो 2013 से 2018 तक छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष थे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, लायंस क्लब, बीएसपी एंसीलरी एसोसिएशन, छग सिख पंचायत, सरस्वती शिशु मंदिर कैलाश नगर, प्रेस क्लब सहित अनेक समाजसेवी और आध्यात्मिक संगठनों में विभिन्न पदों पर सक्रिय भूमिका में रहे । श्री शंकराचार्य हास्पिटल टल में 13 दिसंबर से आईसीयू में उनका उपचार हो रहा था। गुरुवार को ही उनकी हालत में थोड़ा सुधार हुआ तो उन्हें वार्ड में लाया गया। निमोनिया होने से उन्हें सांस लेने में शुक्रवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। शनिवार को सुबह हाउसिंग बोर्ड कैलाश नगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित निवास से सुबह 11 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकलेगी तथा रामनगर मुक्तिधाम में दोपहर 12 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा।

वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र सिंह कैम्बो के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, छग प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव, सांसद विजय बघेल, वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन, पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यनारायण अग्रवाल, भिलाई शहर जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा, उद्योगपति केके झा, रतन दास गुप्ता, ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

### पत्रकारिता के साथ सामाजिकता रही पहचान

सत्तर के दशक में युगधर्म फिर स्वदेश अखबार से जुड़े 50 वर्ष से अधिक वक्त तक पत्रकारिता के साथ अनेक सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े सुरेंद्र सिंह कैम्बो अपने हंसमुख स्वभाव और मिलनसारिता और सक्रियता के कारण हर वर्ग में लोकप्रिय थे। लोगों के सुख, दुख में सहज शामिल होने और सतत मेलमिलाप के कारण उनकी छवि अजातशत्रु की थी। वे अपने से उम्रदराजों से आदरभाव,हमउ़रम्रों से ठहाकों के साथ गर्मजोशी और छोटों से स्नेह से मिला करते थे। मितभाषी व स्पष्टवादी थे। अस्वस्थ होने के महीनेभर पूर्व तक वे सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय थे और बतौर मीडिया प्रभारी स्कंदाश्रम के 4 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में सक्रिय थे।

## मुख्यमंत्री से मिलकर भाजपा के पार्षदों ने विकास के लिए मांगा फंड



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- दया सिंह के नेतृत्व मे भाजपा पार्षदों ने सीए व मंत्रियो से की मुलाकात

भिलाई के पार्षदों ने उप नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में विधानसभा पहुंचे। विधानसभा के अंतिम दिन विधानसभा की कार्रवाई को देखा और समझा। इसके बाद सीएम व नगरीय निकाय मंत्री से मिले। सभी ने नगर निगम भिलाई और यहां की जनता के हित और विकास की चिंता करते हुए विकास कार्यों के लिए फंड की मांग की । विधानसभा में होने वाली कार्रवाई को देखने के लिए उप नेताप्रतिपक्ष दया सिंह के नेतृत्व में भिलाई के दर्जनों जागरूक पार्षद विधानसभा पहुंचे। पूरी विधानसभा की कार्रवाई देखी। सीएम विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह, नगरीय निकाय मंत्री से लेकर अन्य सभी मंत्रियों से मिले। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने भिलाई और भिलाई की जनता के हित और विकास को लेकर गंभीर चर्चा की। सीएम और डिप्टी सीएम नगर निकाय मंत्री से मांग भी रखी कि शहर विकास कार्यों के लिए वे जल्द ही फंड जारी करे ,पार्षदों मे नोहर वर्मा, विनोद चेलक,राजा बंजारे, भोला साहू, राजू शैलजा, राज कुमार जयसवाल, धर्मेंद्र दिवाकर, राकेश प्रसाद अन्य रहे I

### जल्द शुरू होगा सगनीघाट और सिल्लीघाट के बीच बन रहे नए पुल पर आवागमन

दुर्ग। दुर्ग जिले के सगनीघाट और सिल्लीघाट के बीच शिवनाथ नदी पर निर्माणाधीन नए पुल का काम पूर्ण होने के कगार पर है। 14 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बन रहे पुल का 95 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। अभी पुल के दोनों ओर सीसी रोड निर्माण का काम प्रगति पर है। अगले कुछ दिनों में पुल के ऊपर बीटी वर्क के बाद पुल आवागमन के लिए तैयार हो जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा दुर्ग-धमधा मार्ग को जालबांधा-खैरागढ़ मार्ग से जोड़ने वाली सड़क में शिवनाथ नदी पर सगनीघाट और सिल्लीघाट के बीच 400 मीटर लंबे नए पुल का निर्माण किया जा रहा है।




## सिंगलयूज प्लास्टिक उपयोग करने वाले 9 दुकानदारों पर जुर्माना

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 1 अंतर्गत सिंगलयूज प्लास्टिक पर सामग्री बेचने एवं खरीदने को रोकने पर कार्यवाही लगातार जारी है। वार्ड क्रमांक 2 स्मृति नगर में विभिन्न व्यवसासियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर सामग्री बेचने एवं व्यवसाय परिसर, फल ठेला में गंदगी पाए जाने एवं गीला एवं सूखा कचरा पृथक कर नहीं देने वाले व्यापारियों पर चालानी कार्यवाही की गई। प्रमुख रूप से जैकी गारमेंटस 1000, साथी फटका शांप 500, गुरू कलेक्शन शांप 500, एच कुओ सोल्यूशन 1000, एस.एस.रायल ब्यूटी पार्लर 4000, क्यू वर्मा साड़ी सेंटर 500, भारतीय जन औषधि केन्द्र 1000, दिलीप चतुर्वेदी 1000, मां बमलेश्वरी आटो सेंटर 500 एवं महेश सोनकर फल सेंटर से 50 रूपये की चालानी कार्यवाही करते हुए कुल 10050 रूपये की अर्थदण्ड वसूला गया।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देश दिए है, कि जो भी व्यापारी सिंगलयूज प्लास्टिक में खादय सामग्री विक्रय कर रहे है या व्यवसाय परिसर, फल ठेला के आस-पास गंदगी फैला रहे है या फिर गीला एवं सूखा कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में नहीं डाल रहें हैं। उनके पास जाकर उनसे चालानी कार्यवाही कर अर्थदण्ड वसूला जाए। साथ ही उन्हे समझाया जाए कि सिंगलयूज प्लास्टिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए बहुत ही हानिकारक है।







हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 21 दिसंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129




04 फैशन की लाली

## लाइव इवेंट

### अग्रसेन प्रीमियर लीग क्रिकेट का आगाज, तीन टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**भिलाई।** अग्रवाल यूथ क्लब द्वारा आयोजित अग्रसेन प्रीमियर लीग 2024 का भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर अग्रसेन जनकल्याण समिति सेक्टर–6 अग्रवाल सेवा समिति न्यू खुर्सीपार, अग्रसेन सेवा समिति औद्योगिक क्षेत्र और अग्रवाल समाज वैशाली नगर के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। यंग इंडियन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, रोटरी क्लब भिलाई ग्रेटर के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जेसीआई भिलाई-दुर्ग के अध्यक्ष योगेश राठी, राउंड टेबल के अध्यक्ष नमन कोठारी, अग्रवाल यूथ क्लब दुर्ग के अध्यक्ष आकाश गोयल सहित कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में हेवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के इंद्रजीत सिंग(छोटू भैया), यूथ क्लब के संस्थापक दिलीप अग्रवाल और अमित अग्रवाल, सचिव निखिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, प्रोग्राम डायरेक्टर्स योगेश अग्रवाल, सुनील जैन, भगवानदास अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल पराग गोयल, मनोज गोयल, विवेक गुप्ता, हरीश अग्रवाल, सुशील जैन, आयुष अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल, एवं अग्रवाल यूथ क्लब की पूरी समिति मुख्य रूप से उपस्थित थे।

- अग्रवाल यूथ क्लब द्वारा अग्रसेन प्रीमियर लीग–2024 का आयोजन

समारोह की शुरुआत महाराज अग्रसेन के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित करके की गई। आकाश में सैकड़ों छोड़े गए, जिससे टूर्नामेंट की आधिकारिक शुरुआत हुई। यूथ क्लब के अध्यक्ष अतुल गर्ग ने बताया कि अग्रसेन प्रीमियर लीग 2024 में रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे।

## सिटी इवेंट

### वार्षिकोत्सव में डांस, योग, क्वीज, ड्रामा, स्पोर्ट्स जैसे आयोजन, मिला सम्मान



**भिलाई।** हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दुर्ग के प्रांगण में मेन ऑफ ऑनर विषय पर आधारित वार्षिक समारोह उत्कर्ष का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अरविंद कुमार झा कुलपति शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, अतिथि धीरज बाकलीवाल महापौर दुर्ग उपस्थित थे। एकेडमिक डायरेक्टर दीप्ति तिवारी ने मेन ऑफ ऑनर विषयांतर्गत भविष्य में आने वाली अगली पीढ़ी, अपने विद्यार्थियों को ईमानदारी, नैतिकता और अखंडता का महत्व बताया। शाला की प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सत्यवती तिवारी ने अपने विचार रखे। प्रधानाचार्या मनप्रीत फुलमाली ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि विद्यालय द्वारा इस वर्ष छात्रों के सर्वांगीण विकास और रुचियों को ध्यान में रखते हुए क्लब बनाए गए। इसमें डांस, म्यूजिक, डिबेट, योगा, क्वीज, ड्रामा, आइमन, स्पोर्ट्स, फोटोग्राफी, टेड एड क्लब शामिल हैं। प्रत्येक क्लब की संयुक्त भागीदारी ने वार्षिकोत्सव में चार चांद लगा दिए। छात्रों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, संगीत, और विभिन्न नाटकों की प्रस्तुति दी। समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए। बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संबंधित शिक्षकों को सम्मानित कर मानदेय प्रदान किया गया। इस अवसर पर एकेडमिक कॉर्डिनेटर हरबिंदरों कौर सिंधु द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

- हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में पहुंचे मेयर और शंकराचार्य यूनिवर्सिटी के कुलपति

## सिटी इवेंट

### उद्योग चैंबर ने भिलाई पुलिस को हराया, डीसीए से केंद्रीय जीएसटी हारी



**भिलाई।** स्वर्गीय विद्यारतन भसीन स्मृति कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला मैच केंद्रीय जीएसटी और जीएसए 11 के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर केंद्रीय जीएसटी ने बॉलिंग करने का निर्णय लिया। डीसीए की तरफ से जी राहुल ने 43 रन, रितेश ने 33 रन की पारी खेली। निर्धारित आठ ओवर में टीम ने 95 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केंद्रीय जीएसटी की टीम 60 रन ही बना पाई। दूसरा मैच एबीएस राजनांदगांव और शिवनाथ ऑटोमोबाइल के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर शिवनाथ ऑटोमोबाइल ने बोलिंग करने का निर्णय लिया। एबीसी की तरफ से कुलेश्वर ने 21 रन बनाए। एबीसी ने 84 रनों का लक्ष्य दिया। श्रीनाथ इलेवन की टीम 75 रन बना पाई। तीसरा मैच भिलाई पुलिस और उद्योग चैंबर के मध्य खेला गया।

---

● साईं मंदिर में दिव्यांग प्रतिभाओं को मिला मंच, प्रतिस्पर्धाओं के विजेता हुए सम्मानित

# रियलिटी शो हुनर के मेगा ऑडिशन फाइनलिस्ट दिव्यांगजनों के गानों और म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट बजाने के तरीके ने सबका दिल जीता

कसारीडीह सिविल लाइन स्थित प्रसिद्ध श्री साईं बाबा मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय 48वें वार्षिक श्री साईं महोत्सव के दौरान रंगोली, ड्राइंग, मेहंदी एवं पूजा की थाल सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इनके नामों के विजेताओं की घोषणा की गई। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में उत्तराखंड के रुड़की में आयोजित इंडिया बिगेस्ट टीवी रियालिटी शो हुनर का मंच के मेगा आडिशन के फायनलिस्ट दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चे विवेक यादव, नेमन बोरकर, आयुष गुप्ता आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने सुरधारा म्यूजिकल फाउंडेशन के कलाकारों के साथ अपने गीतों की प्रस्तृति देकर समारोह में सबका दिल जीत लिया।





**दुर्ग।** सांई मंदिर समिति द्वारा दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों का सम्मान कर उनकी हौसला अफजाई की गई। पुरस्कार वितरण समारोह में अपोलो नर्सिंग कालेज अंजोरा के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। अग्रवाल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रतिभाओं को मंच मिलता है। इससे प्रतिभागियों के प्रतिभा में निखार आता है। निश्चित रुप से यह प्रतिभागी आगे चलकर अपनी कला के माध्यम से दुर्ग का देश व प्रदेश में नाम रौशन करेंगे। प्रतियोगिताओं के घोषित परिणाम के अनुसार रंगोली प्रतियोगिता के ए वर्ग में प्रथम दिशा कौशल, द्वितीय शिया उके, तृतीय अनन्या देशमुख, बी वर्ग में प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से अंजल यादव व प्राची लिमेश रहे। इस वर्ग में द्वितीय कविता देशलहरे व तृतीय स्थान रेणु साहू ने प्राप्त किया। ड्राइंग प्रतियोगिता के ए वर्ग में प्रथम पूर्वी सेन, द्वितीय याशी साहू, तृतीय शिवानी देशमुख, बी वर्ग में प्रथम घनश्याम यादव, द्वितीय नव्या गुप्ता, तृतीय प्राची गुप्ता, मेहंदी प्रतियोगिता के ए वर्ग में प्रथम आकांक्षा साहू, द्वितीय डाली साहू, तृतीय आफरीन बानो, बी वर्ग में प्रथम आयुषी नंदनवार, द्वितीय राबिया फातिमा, तृतीय टीनू साहू एवं पूजा की थाल सजाओ प्रतियोगिता के एक वर्ग में प्रथम सोनाक्षी नायक, द्वितीय ओजसी ठाकुर, तृतीय गरिमा गायकवाड़, बी वर्ग में प्रथम स्नेहा हाजरा, द्वितीय साक्षी तंबोली, तृतीय वर्षा हासवानी ने प्राप्त किया।

### और भी अधिक भव्य कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी

मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ ने कहा कि महोत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। भक्तों की बढ़ती संख्या और उत्साह को देखते हुए आगामी वर्षों में और भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने मंदिर समिति के पदाधिकारियों सचिव धनेंद्र सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष शिवाकांत तिवारी, कोषाध्यक्ष सुजीत गुप्ता, सहसचिव संतोष यदु, प्रचार सचिव सुरेश साहू, अजय सुरपाम, कार्यकारिणी सदस्य कौशल किशोर सिंह, नरेंद्र राठी, संतोष खिरोड़कर, प्रकाश शिवणकर, जयंत खिरोड़कर, श्रीधर भजने, नारायणदत्त तिवारी, मुरलीधर राऊत सहित अन्य सभी का आभार व्यक्त किया।



### सामाजिक कार्यों और विशेष सहयोग के लिए भावना अग्रवाल सम्मानित

इस अवसर पर पूजा की थाल सजाओ प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन के लिए भारती नामदेव और प्रतियोगिता के आयोजन में विशेष सहयोग के लिए सन साइन स्कूल की शिक्षिका भावना अग्रवाल को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भावना अग्रवाल को सामाजिक क्षेत्र में उनके योगदान के लिए भी सम्मानित किया गया। महोत्सव के दौरान प्रतियोगिता शिवाकांत तिवारी व प्रीति राजपूत के संयोजन एवं संध्या साहू, तृप्ति राऊत, नारायणदत्त तिवारी, गुनगुन राऊत के सहयोग से आयोजित किए गए। प्रतियोगिता में निर्णायक प्रसिद्ध कलाकार रोहिनी पाटणकर, रश्मि अग्रवाल, अनिता तिवारी,सुश्री पायल जैन, डॉ. ज्योति धारकर, मनीष ताम्रकार, लता तिवारी, श्वेता तिवारी, मनीष कोठारी, वर्षा साहू थे।





---

# तुकेश और रश्मीत कौर के शोध पत्र को सर्वश्रेष्ठ का खिताब, 30 देशों के प्रतिभागी हुए शामिल

**भिलाई।** संदीपनी अकादमी अछोटी में वीतराग रिसर्च फाउंडेशन रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी भारतीय ज्ञान प्रणाली को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप समकालीन पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए रूपरेखा विकसित करना था। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. धीरेंद्र शर्मा और विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश पांडे, डॉ. आलोक शर्मा और डॉ. दीपा दास उपस्थित रहे। संसाधन व्यक्तियों में पोलैंड से क्रिज़टोफ़ स्टेक, जर्मनी से डॉ. मंजू गुंडुमोगुला, डॉ. रुचिका सिंह, और डॉ. दीपेंद्र मोहन सिंह ने अपने विचार साझा किए। प्राचार्य डॉ. स्वाति श्रीवास्तव आयोजन से जुड़ी जानकारी दी। संरक्षक डॉ. दिव्या शर्मा और निदेशक महेंद्र चौबे ने संगोष्ठी के उद्देश्यों और महत्व पर प्रकाश डाला। समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. आरएन सिंह वाइस चांसलर भारती यूनिवर्सिटी दुर्ग और विशेष अतिथि डॉ. राजीव चौधरी प्रोफेसर रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर) थे। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में डॉ. शिशिर्कणा भट्टाचार्य और डॉ. एम. विजयलक्ष्मी ने विचार रखे। संचालन संयोजन सचिव डॉ. रोली तिवारी ने किया। संगोष्ठी में भारत के विभिन्न भागों से 250 प्रतिभागी और 30 देशों से अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार तुकेश वर्मा और रश्मीत कौर को प्रदान किया गया।





# छत्तीसगढ़ में पहली बार राज्य स्तरीय लाठी चैम्पियनशिप आज, सांसद होंगे शामिल

**भिलाई।** लाठी स्पोर्ट्स आर्गेनाइजेशन द्वारा प्रदेश में पहली बार राज्य स्तरीय लाठी चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। 21 दिसंबर को सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक यह प्रतियोगिता आयोजित है। प्रतियोगिता के समापन समारोह में सांसद विजय बघेल प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना, महासचिव संदीप ताम्रकार, कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल ने बताया कि पहली बार इस प्रकार का आयोजन होने जा रहा है। अलग-अलग कैटेगरी में प्रतियोगिता होंगे। मीडिया प्रभारी आरके मुखर्जी ने बताया कि प्रतियोगिता में 120 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। 4 से 18 वर्ष तक के बालक और बालिकाओं का पंजीयन किया गया है। दुर्ग के अलावा छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों और शहरों से प्रतिभागी पहुंच रहे हैं। पूरे दिन अलग-अलग कैटेगरी में ये प्रतियोगिताएं होंगी। इसके बाद शाम को फाइनल मुकाबले के बाद प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन होगा। आयोजन में सांसद विजय बघेल के अलावा अन्य अतिथि प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

- लाठी स्पोर्ट्स आर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ का आयोजन



---

भारतीय ज्ञान परंपरा पर कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला

# यदि आपके पास है समाज और जनहित के लिए इनोवेटिव आइडिया, तो आईआईटी आपको संसाधन और फंड उपलब्ध कराएगा: राजीव प्रकाश

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** कल्याण कॉलेज के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश शामिल हुए। उन्होंने कार्यशाला के पहले सेशल में विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया। उन्होंने कहा कि आईआईटी भिलाई कई इनोवेटिव्स कार्य कर रहा है। विद्यार्थियों, शोधार्थियों और प्राध्यापकों के आइडियाज का स्वागत है। हम ए से जेड तक के काम को बढ़ाने में आपकी मदद करेंगे। इक्यूपमेंट उपलब्ध करवाएंगे। फंडिंग भी करेंगे। बशर्ते आप यह स्पष्ट करें कि आपके आमुख कार्य से समाज को, जनहित को या किसी भी निर्धारित क्षेत्र को क्या लाभ होगा, उन्होंने महाविद्यालय के एक शोधार्थी के द्वारा शिवनाथ नदी के प्रदूषण के कारणों पर किए जा रहे रिसर्च की प्रशंसा की। साथ ही कहा कि हम इक्यूपमेंट से लेकर फंड मुहैया करवाएंगे, लेकिन आपके शोध से हासिल क्या होगा ? उन्होंने कहा कि नदी के प्रदूषण और उसके दूषित होने के कारणों के बारे में कई शोधों से जानकारियां सामने आ चुकी है। लेकिन इसमें आप क्या नया करेंगे। यह बताना होगा।



### दो रोटी खाइए, लेकिन मस्त रहिए,

कार्यशाला में अतिथियों द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा को प्रसारित करने जोर दिया गया। अतिथियों ने उदाहरण देते महाविद्यालय के प्राध्यापकों से कहा कि हमारी पुरातन संस्कृति ही सैकड़ों वर्षों से विश्व जगत को प्रकाशमय करते आ रही है। इसके पुनर्जागरण का वक्त आ गया है। हमें पाश्चात्य संस्कृति की होड़ में बिल्कुल नहीं रहना है। हमें तो ऋषि-मुनियों के विचारों और जीवन पद्धतियों को आत्मसात करना है। प्रो. राजीव प्रकाश ने उदाहरण देते हुए बताया कि करीब 22 साल पहले मैं विदेश में रहता था। वहां मेरा स्वास्थ्य खराब हो गया। तब वहां के डॉक्टर ने प्रिसक्रिप्शन में तुलसी की बूंदों का उल्लेख किया। तब मुझे बहुत आश्चर्य हुआ कि विदेश में बैठे डॉक्टर ने दवाई के बजाए मुझे तुलसी जैसी प्राकृतिक संसाधन से स्वस्थ होने का गुर बताया। जबकि डॉ. बीएल तिवारी ने मजाकिया अंदाज में कहा कि दो ही रोटी खाइए, लेकिन मस्त रहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पीएस शर्मा, डॉ. मणिमेखला शुक्ला, डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. कविता वर्मा, डॉ. गुणवंत चंद्रौल, डॉ. हरीश कश्यप, डॉ. नीलम शुक्ला, डॉ. क्षिप्रा सिन्हा, डॉ. नरेश देशमुख, डॉ. मयूसपुरी गोस्वामी उपस्थित रहे।

### आईएएस बीएल तिवारी ने अनुभव किए साझा

कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि और पूर्व आईएएस अफसर डॉ. बीएल तिवारी ने अपने प्रशासनिक अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कल्याण कॉलेज के सेक्टर-7 स्थित मौजूदा परिसर की स्थापना में आने वाली रुकावटों का उल्लेख करते हुए स्थापित होने तक की प्रशासनिक बातों का जिक्र किया। हम आपको बता दें कि डॉ.तिवारी गरियाबंद जिले के रहने वाले है। वे कई जिलों के कलेक्टर, संभाग के आयुक्त और कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शोधार्थी भी रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि हमारे दोनों ही अतिथियों ने महाविद्यालय के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार कर छात्रों का ज्ञानवर्धन किया। इसका कॉलेज प्रबंधन आभारी है।

### भारतीय ज्ञान परंपराओं पर भी विस्तार से चर्चा

प्राचार्य डॉ. विनय शर्मा ने साठ के दशक में आरंभ हुए कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कल्याण और विकास की गाथा पर प्रकाश डाला। डॉ. विनय शर्मा ने कार्यशाला के विषय 'भारतीय ज्ञान परंपरा' को शब्दशः बारीकियों से समझाया। इस दौरान राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. मणिमेखला शुक्ला ने सरस्वती वंदन और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुराग पाण्डेय ने किया। जबकि आईक्यूएसी की प्रभारी डॉ. शबाना ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अतिथियों का शाल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।



## सिटी इवेंट

# देवांगन समाज का खेल महोत्सव और आनंद मेला 5 जनवरी को



**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति के तत्वावधान में 5 जनवरी को परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में देवांगन खेल महोत्सव एवं आनंद मेला का आयोजन किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी की संपन्न बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार देवांगन समाज के लोगों के लिए इस अवसर पर विविध खेल प्रतियोगिताएं, खाने-पीने के व्यंजनों का स्टाल, मनोरंजक कार्यक्रम एवं स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित सामग्री की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने की। इस अवसर पर समिति के सचिव विनोद देवांगन, उपाध्यक्ष टेसू राम देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, दयाराम देवांगन, सहसचिव जनार्दन देवांगन, गोवर्धन देवांगन, होमलाल देवांगन, खेल प्रभारी हेम कैलाश देवांगन, सांस्कृतिक प्रभारी रामगोपाल देवांगन, मंदिर प्रभारी राजू देवांगन, पर्यटन प्रभारी जुगल किशोर देवांगन, समाज सेवा प्रभारी राजेन्द्र लिमजे, मंगतूराम देवांगन, शांति लाल देवांगन सहित कार्यकारिणी सदस्य गण उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने बताया कि खेल महोत्सव के माध्यम से देवांगन समाज की छिपी हुई प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है। महोत्सव में समाज की महिलाएं, युवा, बच्चे एवं वरिष्ठ जन सभी भाग ले सकेंगे।

### खेल स्पर्धा के विजेताओं को मिलेगा सम्मान

खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज एवं कैरम को शामिल किया गया है। इसके अलावा देसी खेल के अंतर्गत पिट्ठुल, सुई धागा दौड़, जलेबी दौड़, गोली चम्मच दौड़, घड़ा दौड़, मटका फोड़, रस्साकसी, फुगड़ी आदि रोचक प्रतियोगिताएं अलग अलग वर्गों में संपन्न होंगी। आनंद मेला में महिलाओं के द्वारा विविध व्यंजनों से युक्त खाने-पीने का स्टाल लगाया जाएगा तथा स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित सामग्री की विक्रय सह प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस अवसर पर देवांगन समाज के सांस्कृतिक विभाग के कलाकारों द्वारा गीत संगीत का आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। विजेताओं को समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## धर्म लाइव

# गुरु बालक दास व्यावसायिक परिसर बना, मिलेगा रोजगार



**भिलाई।** गुरु बालक दास कल्याण समिति उमदा, जरवाय, पत्थर्रा के संयुक्त तत्वावधान में समिति के 11 सदस्यों के सहयोग से गुरु बालक दास व्यावसायिक परिसर का निर्माण किया गया। 11 दुकान का निर्माण पूर्ण होने के बाद इसका विधिवत उद्घाटन और पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर भोग भंडारा का आयोजन रात 9 बजे तक किया गया। इस पर समिति के अध्यक्ष बनवारी राम मधुकर, महासचिव डॉ. डीएस, बंजारे, सचिव धनराज खुटेल, सहसचिव संतोष कुमार कंजारे, संगठन सचिव बिसाहू गायकवाड़, संरक्षक अरुण कुमार खुटेल, गुलशन ढीढी, एनके बघेल, नीलकंठ बघेल, नारायण टंडन, सुबिंद्रा भारती सहित अन्य मौजूद थे।

## समाज इवेंट

# कुरीतियों को लेकर ब्राह्मण समाज चलाएगा जागरूकता अभियान



**भिलाई।** दुर्ग जिला छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राह्मण समाज द्वारा संगम स्थल सोमनाथ में सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सामाजिक चर्चा में राजेंद्र दुबे ने अपने विचार के साथ कुरीतियों पर चर्चा प्रारंभ की। इसमें मुख्य रूप से मृत्यु भोज, विवाह में अत्यधिक खर्च और आडंबर प्री वेडिंग सूट एवं दिखावे संबंधी मुद्दों पर विचार आमंत्रित किया। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुमन पांडे ने कहा कि यह आयोजन समय बिताने का अवसर नहीं है, बल्कि समाज में व्याप्त कुरीतियों पर चर्चा करने और समाधान तलाशने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने मृत्यु भोज और विवाह में होने वाले अनावश्यक खर्चो को सीमित करने एवं दहेज प्रथा पर भी अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्ष कमल नारायण शर्मा ने कहा कि समय के साथ-साथ समाज प्रगति कर रहा है, लेकिन कुरीतियां आज भी हमारे विकास में बाधा बनी हुई है। उन्हें हम सबको मिलकर दूर करने का प्रयास करना होगा। सामाजिक चर्चा में कमलेश तिवारी, मुकेश दीवान, सतीश शर्मा, अमितेश तिवारी, गीतांजलि तिवारी, भावना शुक्ला, विनोद पांडे, अपर्णा चौबे, संध्या तिवारी, संगठन मंत्री, शैल किरण शुक्ला ने भी अपने विचार रखे।

### कुरीतियों के खिलाभ सामाजिक प्रतिनिधि हुए लामबंद

सचिव प्रदीप पांडे ने कुरीतियों को समाप्त करने के लिए जागरूकता बढ़ाने परिवर्तन लाने एवं समाज के सभी से बुराइयों के खिलाफ खड़े होकर लड़ने और समाज को नई दिशा देने की बात कही। महिला अध्यक्ष सुमन पांडे ने शिक्षाप्रद विविध गेम खिलाकर प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए कहा की प्रकृति हमें जीवन देती है। हमारा दायित्व है कि हम इसे संरक्षित रखें सामूहिक वन भोज पर्यावरण संरक्षण एवं आपसी प्रेम का प्रतीक है। हमें खुशहाल प्रगतिशील और पर्यावरण अनुकूल समाज बनाने हेतु इस तरह का आयोजन करते रहना होगा। प्रबंधक हिमांशु द्विवेदी ने कविता प्रस्तुत की।

● गुरु आनंद स्वाध्याय प्रशिक्षण शिविर में नीलम बाफना और किरण संचेती सम्मानित

# जीवन में धर्म का उपयोग पाप को धोने के लिए नहीं पापों से बचने के लिए करना चाहिए: प्रभा

**दुर्ग।** गुरु आनंद स्वाध्याय संघ का प्रशिक्षण शिविर ऋषभदेव परिसर शिवपारा में आध्यात्मिक वातावरण में जारी है। देश के विभिन्न शहरों से आए स्वाध्यायी ज्ञान के नए-नए गुर सीख रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर की धर्म सभा में नीलम बाफना को स्वाध्याय सौरभ सम्मान से नवाजा गया। वहीं दूसरी ओर स्वाध्यायी किरण देवी संचेती को स्वाध्याय तपोधनी के सम्मान से अखिल भारतीय गुरु आनंद स्वाध्याय संध अहमदनगर तथा त्रिलोक रन वर्धमान स्थानकवासी धार्मिक परीक्षा बोर्ड के द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया। पांच अलग-अलग कक्षाओं में साध्वी वृंद के अलावा स्वाध्याय साधना के तहत ज्ञान ज्ञान सीखाने में अपना समर्पण दे रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर की धर्मसभा को डॉ. विजय श्री, साध्वी डॉ. प्रियदर्शना, तरुलता, विक्षक्षण श्री प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। स्वाध्याय साधकों को ज्ञान दर्शन के विभिन्न रूपों को अलग-अलग रूपों में समझ रहे हैं। धर्मसभा में डॉ. सुमंगल प्रभा ने कहा कि धर्म सात्विक और पवित्र जीवन जीने का दिव्य मार्ग है। यह केवल नरक से बचने के लिए या स्वर्ग पाने के लिए नहीं है। अपितु मन के विकारों को शांत करने के लिए और कषायों से मुक्त होने के लिए हैं।



### धर्म हमें कराता है वास्तविकता का परिचय, इसलिए जीवन में उपयोगी



साध्वी डॉ. सुमंगल प्रभा ने कहा कि धर्म की चर्चा अधिक से अधिक करिए और कोरी चर्चा से हमें बचना चाहिए। धर्म हमें न नास्तिक बनाता है और न ही आस्तिक। वह तो हमें केवल वास्तविक बनाता है। धर्म पगड़ी और दमड़ी नहीं है, जब चाहो तब उतार दो और जब चाहे तब पहन लो अथवा जब चाहो तब दमड़ी की तरह भुना लो। धर्म तो चमड़ी है, जो सदा हमारे जीवन का हिस्सा बनी रहती है, जो क्रोध के वातावरण में प्रेम जगा दे वह धर्म है, कोभ के वातावरण में संतोष जगा दे वह धर्म है, जो अहंकार के वातावरण में सरलता और विलासिता के वातावरण में संयम के भाव पैदा करदे उसीका नाम धर्म है।

### धर्म हमें हमेशा सिखाता है अपने कर्तव्यों का पालन करना

साध्वी ने कहा कि धर्म हमें अपने कर्तव्यों का पालन करना सिखाता है। इंसान होकर इंसान के काम आइए। सब धर्मों का सम्मान कीजिए। इंसान होकर इंसान के काम आना दुनिया का सबसे महान धर्म है। प्रेम शांति और आनंद के धन को एटीएम से निकालना है तो उसका पासवर्ड है धर्म की आराधना अगर कोई संत इरियावध्यि का ध्यान करते मोक्ष पा सकता है। अगर कोई नारी हाथी के होदे पर बैठी मोक्ष पा सकती है, अगर कोई सेत पानी में सुपात्र को निराकरके तिर सकता है। धर्म टूटे हुए दिलों को जोड़ने का काम करता है। बिखरे हुए परिवारों को जोड़ने का नाम धर्म है।

### देश के अलग-अलग प्रांतों से आए 300 से ज्यादा साधक हो रहे शामिल



इस विद्या अभ्यास में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए 300 से ज्यादा साधक शामिल हो रहे हैं। प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से रात्रि 9 बजे तक अनवरत यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें लोकाकाश की रचना, संकट के समकित के 67 बोल, नंदी सूत्र, उत्तराध्ययन का 28 वां अध्ययन इत्यादि विषयों पर अलग-अलग प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है। प्रतिदिन जैन संतों की धर्मसभा का आयोजन किया जा रहा है। साधकों के अलावा जैन समाज के लोग भी प्रतिदिन आयोजन में शामिल हो रहे हैं।

## वार्षिक खेल उत्सव...

# खेल महोत्सव में योग, नृत्य, कबड्डी, गोला फेंक जैसी स्पर्धाओं के विजेता सम्मानित



**दुर्ग।** खालसा कॉलेज में वार्षिक खेल उत्सव 2024 का आयोजन हुआ। इस अवसर पर खालसा कॉलेज के डायरेक्टर सरदार हरमीत सिंह भाटिया एवं सरदार गुलबीर सिंह भाटिया के साथ खालसा एजुकेशन सोसाइटी के सम्मानीय सदस्यगण उपस्थित रहे। आसमान में गुब्बारे छोड़ते हुए स्नेह एवं उत्साह के प्रदर्शन किया। छात्र अमिताभ सिंह ने मशाल धारण कर पूरे क्रीड़ांगन में दौड़ते हुए सभी खिलाड़ियों में जोश एवं सदभावना का संचार किया। उत्सव में विद्यार्थियों द्वारा योग आधारित सुंदर नृत्य का प्रदर्शन किया। बीएड प्रथम सेमेस्टर के छात्रों ने खेल गतिविधि पर आधारित रोचक नृत्य का प्रदर्शन किया। इसके पश्चात 100 मीटर रेस, रिले रेस, स्पून रेस, गोला फेंक, ऊंची कूद, कबड्डी, बैडमिंटन, छात्राओं के लिए खो-खो एवं छात्रवर्ग के लिए क्रिकेट आदि खेल गतिविधि की गई। उत्सव में प्राध्यापकों की पैदल



रेस में सहायक प्राध्यापक मनीषा वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दिव्या सिंह द्वितीय एवं अफसाना खान तृतीय स्थान पर रहीं। खेल उत्सव के अंत में विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। उत्सव का संचालन डॉ. मनीषा वर्मा सहायक अध्यापक ने किया। प्राचार्य डॉ. सुनीता बोकाड़े ने प्राध्यापकों की मेहनत की प्रशंसा की।

## संगोष्ठी का भी आयोजन

# सुशासन पर वाद-विवाद स्पर्धा में छात्रों ने बेबाक रखे विचार



**पॉलीटेक्निक कॉलेज में सुशासन पर वाद-विवाद और संगोष्ठी का आयोजन**

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर पॉलीटेक्निक कॉलेज में वाद-विवाद प्रतियोगिता और सुशासन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सुशासन पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में संस्था के 40 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इसमें 32 पक्ष में एवं 8 ने विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए। सरकार की विभिन्न योजनाओं महतारी वंदन योजना, उज्ज्वला योजना, भगिनी सहायता योजना, आवास योजना, नक्सलवाद का खात्मा, दाई-दीदी मोबाइल चिकित्सा योजना, शैक्षणिक संस्थाओं में छात्राओं के लिए सेल्फ डिफेंस के कार्यक्रम तथा जनजातीय समाज को उंचाई पर स्थापित करने में सफलता प्रदान करना आदि का उल्लेख किया। मुख्य वक्ता डॉ. डीकेएस. सोलंकी, सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष मार्डन आफिस मैनेजमेंट ने केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। संस्था के प्रथम सेमेस्टर के छात्र व छात्राओं ने इस संगोष्ठी में भाग लिया एवं छात्र/छात्राओं की शंकाओं का समाधान मुख्य वक्ता द्वारा किया गया। प्राचार्य प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि सुशासन में नागरिकों को अपने शासन में भाग लेने का अवसर प्राप्त होता है, जिससे वे अपने अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं। साथ ही सुशासन में सरकार को भी नागरिकों के प्रति जबवादेह ठहराया जाता है। सुशासन में मानव अधिकारों की रक्षा की जाती है।



## उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर महाविद्यालय स्तर पर 4 टीमों का गठन

# 11वीं व 12वीं के स्टूडेंट्स को कॉलेज में एडमिशन, हेल्प डेस्क मोबाइल हेल्थ, एंटी रैगिंग स्कॉट और करियर गाइडेंस के दिए टिप्स

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ प्रदेश की संकल नामांकन अनुपात बढ़ाए जाने के लिए एवं महाविद्यालयों में स्वीकृत सीट पर शत-प्रतिशत प्रवेश करने पोषक विद्यालय संपर्क अभियान शुरू किया गया। उक्त अभियान का उद्देश्य 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। इसे लेकर महाविद्यालय स्तर पर 4 टीमों का गठन किया गया है। टीम 2 के तहत तिलक स्कूल शिक्षक नगर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। 106 छात्राएं इसमें शामिल हुईं। गर्ल्स कॉलेज के प्राध्यापकों ने विषय से जुड़ी जानकारियां दी।कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मंजूलता साव ने अभियान दल का परिचय कराया। आधारभूत संरचना से लेकर महाविद्यालय में संगठित प्रकोष्ठ एवं विद्यार्थियों की उपलब्धियों एवं नई शिक्षा नीति की संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने पीपीटी, वीडियो, फोटोग्राफ के माध्यम से जानकारी प्रदान की।



### 98 प्रतिशत छात्रों ने दी गई जानकारी पर जताई संतुष्टि

फीडबैक फॉर्म के विश्लेषण से स्पष्ट हुआ कि 98% विद्यार्थी अभियान दल के द्वारा दी गई जानकारी से संतुष्ट रहे। विषय चयन से संबंधित प्रश्न में 100% विद्यार्थियों ने हां में जवाब दिया। इस महाविद्यालय में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्राओं का प्रतिशत 56% रहा, अनिर्णय की स्थिति में 44% विद्यार्थी रहे। एनईपी संबंधित जानकारी के संबंध में 100% विद्यार्थियों ने हां में जवाव दिया। अभियान दल में दीपक ठाकुर कॅरियर काउंसलिंग के संबंध में जानकारी दी गई। तबस्सुम अली ने संगठित प्रकोष्ठ के बारे में पीपीटी के माध्यम से पूरी जानकारी प्रदान की। उत्तम देशमुख ने प्रवेश प्रक्रिया एवं फीस संरचना की जानकारी प्रदान की। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. असीमा चटर्जी ने आभार व्यक्त किया। इसमें कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया, संचालित विषय, प्रवेश फीस, वेबसाइट, लाईब्रेरी, कॉमनरूम, मोबाइल स्वास्थ्य सुविधा, एंटी रैगिंग, हेल्पडेस्क, शिकायत पेटी, छात्रवृत्ति, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड, रेड-रिबन, रेडक्रॉस, वुमेन सेल एवं करियर काउंसिलिंग से संबंधित जानकारियां छात्राओं को दी गई।

### सामान्य प्रश्नोत्तरी का आयोजन, छात्राओं ने किए सवाल

उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों से भी उनके विचारों को प्रकट करने का अवसर प्रदान किया गया। साथ ही छात्राओं की जिज्ञासाओं का संतोषप्रद जवाब भी दिया गया। विद्यार्थियों के बीच सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। उन्हें पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों से फीडबैक फार्म भरवाया गया। उक्त फीडबैक फॉर्म में विद्यार्थियों की जानकारी के साथ ही उनकी विभिन्न विषयों में रुचि, महाविद्यालय में संचालित विषय के अतिरिक्त अन्य विषय का सुझाव, अभियान दल द्वारा दी गई जानकारी से संतुष्टि एवं आगामी सत्र में इस महाविद्यालय में प्रवेश की इच्छा से संबंधित प्रश्न रहे।



## सिटी स्पोर्ट्स

### नेशनल कयाकिंग कैनोइंग में छत्तीसगढ़ को दो पदक मिले



**रायपुर।** 35 वीं नेशनल कयाकिंग कैनोइंग प्रतियोगिता 10 से 14 दिसंबर तक टिहरी डैम गढ़वाल उत्तराखंड में आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ को एक रजत और एक कांस्य पदक प्राप्त हुए। जिसमें गणेश यदु को 5000 मी स्पिन में रजत पदक एवं टीम गेम सी 4 200 को कांस्य पदक प्राप्त हुए। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कयाकिंग कैनोइंग संघ के अध्यक्ष बलदेव सिंह भाटिया से खिलाड़ियों सहित सह सचिव प्रशांत सिंह रघुवंशी एवं अशोक साहू टीम प्रशिक्षक ने मुलाकात की। भाटिया ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी एवं आने वाले 38 वें राष्ट्रीय खेल के लिए शुभकामनाएं दी। सह सचिव प्रशांत सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी की आगामी जनवरी माह में 15 दिन का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जायेगा। जिससे राज्य के खिलाड़ी 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके, अभी तक दो खिलाड़ी गणेश यदु, मोनिका गढ़वाल क्वालीफाई हुए है। रिवर राफ्टिंग व केनो सलालम की राष्ट्रीय प्रतियोगिता 26 से 31 दिसम्बर ऋषिकेश में प्रस्तावित है। दोनों प्रतियोगिता होने के बाद खिलाड़ियों की संख्या और बढ़ सकती है।

### फिट इंडिया मूवमेंट का साप्ताहिक कार्यक्रम जारी



**रायपुर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने 'फिट इंडिया मूवमेंट' का साप्ताहिक कार्यक्रम 19 से 24 दिसंबर तक जारी है। इस कार्यक्रम का उद्देय युवाओ को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और नियमित शारीरिक गतिविधि के प्रति जागरूक करना है।

आयोजन के दौरान योग सत्र, फिटनेस वर्कशॉप और विभिन्न खेल प्रतियोगिता आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमे प्रतिदिन वॉलीबाल, कबड्ड़ी, योग सत्र और एरोबिक्स हो रहे हैं। कार्यक्रम के उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ किरण गजपाल, विशेष अतिथि डॉ रूपेंद्र सिंह चौहान खेल समन्वयक छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग, डॉ कर्मिष्ठ शंभरकर विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग, केसी त्रिपाठी केंद्र प्रभारी रायपुर साई साथ ही डॉ. शिप्रा बेनर्जी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने सभी को फिटनेस को अपने दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संदेश दिया एवं इस कार्यक्रम की सराहना किया। साथ ही खेल समन्वयक ने खेलो के विगत वर्षों में नये नये उपलब्धि को साझा कर सभी को प्रेरित करके उत्साहित किया। इस कार्यक्रम में सभी फिट इंडिया के तहत स्वयं को, अपने परिवार के साथ-साथ सभी को स्वास्थ रहने का शपथ लिये। आभार प्रदर्शन साई कोच रेणु पारीक ने एवं मंच संचालन सतीश दुबे ने किया।

### साक्षी को मिला ब्लैक बेल्ट



**रायपुर।** रायपुर शहर में होली हार्ट्स स्कूल की कक्षा 9 की छात्रा 14 वर्षीय साक्षी श्रीवास्तव को कराते में ब्लैक बेल्ट की प्राप्ति हुई है। साक्षी की कोच पद्मा ब्यौहार ने बताया कि बेल्ट अपग्रेडेशन की परीक्षा विगत 18 दिसंबर को कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन की ओर से रायपुर में आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग तीन सौ परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया था। साक्षी को ब्लैक बेल्ट मिलने पर सीनियर कोच रमेश प्रधान ने साक्षी के माता पिता सौरभ श्रीवास्तव और आकांक्षा श्रीवास्तव को बधाई दी है।

### प्रशिक्षुओं के लिए बैडमिंटन में पहले दौर के मुकाबले रोमांचक मोड़ पर



**रायपुर।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा 20 से 22 दिसंबर तक सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल के प्रशिक्षु बालक बालिकाओं हेतु आयोजित बैडमिंटन स्पर्धा के प्रथम दौर के परिणाम संपन्न हुए। जिसमे 11 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल में कृष्ण गुप्ता ने मोहम्मद सूफियान को 30-16 से ,आरुष गोलेछा ने सार्थक पाठक को 30-4 से हराया। 13 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल में गीतेश पटेल ने मोहित सोनी को 30-19 से, सिद्धार्थ लकवानी ने दिव्यांश जैन को 30-17 से, कृष्ण गुप्ता ने सर्वेश जैन को 30-8 से हराया। 15 वर्ष आयु समूह बालक वर्ग एकल में अभिवीर ताम्रकार ने दक्ष जैन को 30-25 से ,पुरुष गोलेछा ने शायजो थॉमस को 30-28 से, दर्शील तन्ना ने श्रेयश झा को 30-25 से हराया।

## भागदौड़ की जिंदगी में शरीर को आराम देना भी जरूरी

# काम के दबाव से ऑफिस में थककर चूर हो जाते हैं तो इन टिप्स को कीजिए फॉलो

आजकल लोगों पर काम का प्रेशर इतना ज्यादा है कि वह घर आने के बाद भी परेशान और बहुत ही मुरझाए हुए दिखते हैं। हालांकि, आप इन टिप्स की मदद से ऑफिस की थकान दूर कर सकते हैं। कंपटीशन के जमाने में काम का बोझ लोगों के दिमाग पर इस कदर हावी है कि वह तनाव ग्रस्त हो जाते हैं। कई बार लोग ऑफिस से घर आने के बाद भी बेजान, थके हुए, मुरझाए नजर आते हैं। दिल चाहता है कि कुछ ऐसा हो जिससे सुकून महसूस कर सकें। क्या आप भी ऐसा ही महसूस करते हैं? आपको भी कई बार बेचैनी महसूस होती? अगर हां तो आप एक्सपर्ट के बताएं कुछ टिप्स की मदद ले सकते हैं, जिससे आप तनाव को कम कर सकें और खुद को रिलैक्स कर सकें। आईए जानते हैं ऑफिस की थकान दूर करने के लिए क्या करना चाहिए। इस बारे में जानकारी दे रही हैं हेल्थ एक्सपर्ट नुपूर रोहातगी





### ऑफिस की थकान कैसे दूर करें

काम खत्म करने के बाद खुद को रिलैक्स करना काफी जरूरी होता है और खुद को रिलैक्स करने का जो सबसे बेहतरीन तरीका है वह है डीप ब्रीदिंग। इससे आप नेगेटिव चीजों को आउट करते हैं और पॉजिटिव चीजों को इन करते हैं। इसकी मदद से मानसिक तनाव से लेकर शारीरिक थकान सब कुछ दूर हो जाती है। ऐसे में आप जब भी ऑफिस से घर आए, 10 मिनट निकाल कर डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज करें। इसे मन शांत होगा और शरीर एक्टिव बना रहेगा। अक्सर घर आकर भी कुछ लोग फोन में घुसे रहते हैं। ऑफिस से ही जुड़ी चीजें करते हैं। ऐसा बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। अपने खाली टाइम में दोस्तों से बातचीत करें। अपने परिवार वालों के साथ बैठें। उनसे अपनी बातें साझा करें, उनकी बातों को सुनें इससे तनाव रिलीज होता है। हंसी मजाक से आप खुद को रिलैक्स कर पाते हैं। इससे हैप्पी हार्मोन रिलीज होता है। खुद को रिलैक्स करने के लिए डिजिटल चीजों से हटकर किताबें और अखबारों के लिए वक्त निकाले। रीडिंग करने से आपका माइंड रिलैक्स होता है। थकान दूर होती है और आपका ज्ञान भी बढ़ता है। आर्ट थेरेपी भी आपके लिए फायदेमंद हो सकता है, जब आप रंगों की दुनिया में वक्त बिताते हैं तो इसे सकारात्मकता बढ़ने लगती है। सेल्फ कॉन्फिडेंस बूस्ट होता है। कुछ नया करने से खुशी मिलती है और इससे मानसिक थकान तो दूर होना तय है। शारीरिक रूप से थकान दूर करने के लिए आप जिम , एक्सरसाइज जरूर करें। इससे भी स्ट्रेस हार्मोन कम होता है, शरीर में ब्लड का सर्कुलेशन सही होता है। पॉजिटिविटी का एहसास होता है।

## सेंट्रल बैंक के खेलों में मैदान मारा कर्मियों ने



**रायपुर।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया रायपुर का खेल समारोह बीती शाम टेबल टेनिस मैचों के साथ संपन्न हुआ। कैरम बोर्ड टूर्नामेंट में श्याम सुंदर पुष्कर ने पूर्व चैंपियन जीपी मिश्रा को 29-14 से हराकर विजेता का खिताब हासिल किया। अन्य मैचों में, शिशिर तमसोय ने राजेश कुमार सिंह को हराया, संदीप प्रसाद ने रोली गुप्ता को हराया, विमल नायर ने पंकज कुमार को हराया, ए फ्रांसिस ने शंकर राव को हराया, जीपी मिश्रा ने आर सूर्यवंशी को हराया, एसएस पुष्कर ने सरित को हराया, जीपी मिश्रा ने विमल नायर को हराया और फिर फाइनल में एसएस पुष्कर से हार गए।

■ सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया रायपुर का खेल समारोह सम्पन्न

बैडमिंटन में अनीस दल्ला ने शिशिर तमसोय को हराया, विमल नायर ने एसएस पुष्कर को हराया, ए फ्रांसिस ने नीलेश श्रीवास्तव को हराया, खिलेश ने संदीप प्रसाद को हराया, राहुल कुमार ने प्रनय मेश्राम को हराया, विमल नायर ने ए फ्रांसिस को हराया, खिलेश सहारे ने नीरज मिश्रा को हराया, राहुल कुमार ने विमल नायर को हराया, अनीस दल्ला ने राहुल कुमार को हराया और फिर फाइनल में खिलेश सहारे को हराया। टेबल टेनिस में विद्यानंद चौधरी ने आशीष कुमार को हराया, पंकज वर्मा ने विद्यानंद चौधरी को हराया, शिशिर तमसोय ने संदीप प्रसाद को हराया, पंकज कुमार ने शिशिर तमसोय को हराया। फाइनल में ए. फ्रांसिस ने पंकज वर्मा को हराया। अंतिम परिणाम में कैरम में प्रथम श्याम पुष्कर, द्वितीय जीपी मिश्रा, बैडमिंटन में प्रथम अनीस दल्ला, द्वितीय खिलेश सहारे, टेबल टेनिस में प्रथम ए. फ्रांसिस, द्वितीय पंकज वर्मा रहे। यह जानकारी विमल नायर वरिष्ठ प्रबंधक-पीआर केन्द्रीय बैंक ऑफ इंडिया ज़ोनल कार्यालय, रायपुर ने दी।

### रायपुर के खिलाड़ी आरव बाघे ने जूनियर कराते छत्तीसगढ का प्रतिनिधित्व करते हुए मारी बाजी जीता कांस्य पदक

**रायपुर।** रायपुर के खिलाड़ी आरव बाघे ने छत्तीसगढ का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय सब जूनियर कराते प्रतियोगिता मे 10 वर्ष (+40 कि.ग्रा.) आयु वर्ग मे कांस्य पदक प्राप्त किया।बता दे कि यह प्रतियोगिता दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 13 दिसंबर से 15 दिसंबर तक आयोजित किया गया था। जिसमे आरव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 मैच जीत कर सेमी फ़ाइनल मे जगह बनाई, अंत मे आरव को कांस्य पदक से संतुष्ट होना पड़ा।कोच तुषार परगनिहा ने बताया कि आरव का यह पहला राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता था। इसके पहले उन्होंने वेस्ट जोन प्रतियोगिता मे रजत पदक तथा 7 राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में 5 स्वर्ण पदक जीता है।




### फिल्मी गीतों पर लगाई दौड़, जीती रेस

**रायपुर।** गांधी चौक स्थित महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय में शुक्रवार से वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष अजय तिवारी एवं प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी ने खेलों की औपचारिक घोषणा और फीता काटकर खेलों की शुरुआत की। पहली प्रतियोगिता कुर्सी दौड़ की हुई, इसमें फिल्मी गीतों पर छात्र-छात्राओं ने रेस लगाई, जिसमें छात्रा बरखा सिक्का बीए सेकंड ईयर ने प्रथम आकर प्रतियोगिता जीत ली। वहीं दूसरे स्थान पर रश्मि महतो पीजीडीसीए रहीं, तीसरा स्थान गुंजा राजपूत को मिला, जबकि छात्र वर्ग में प्रथम स्थान आदर्श सिंह बीकॉम प्रथम वर्ष, दूसरा अभिजीत बीसीए द्वितीय वर्ष तथा तीसरा स्थान मनीष साहू को मिला। प्रतियोगिता के दूसरे चरण में शतरंज के अंतर्गत छात्रा वर्ग में बीकॉम द्वितीय वर्ष की दीवानी राव प्रथम, उपविजेता प्रियांशी रघुवंशी रहीं। इन सभी आयोजनों में प्रमुख भूमिका कॉलेज के खेल अधिकारी विजय शर्मा, डॉ. श्वेता शर्मा, प्रो. सोमा गोस्वामी, प्रो. राहुल तिवारी, डॉ. श्वेता महाकालकर, डॉ. लक्ष्मीकांत साहू, डॉ. राकेश चंद्राकर एवं डॉ. जया की विशेष उपस्थिति रही।





### आने वाले साल में इन फूड्स का रहेगा ट्रेंड, ब्रेकफास्ट में लोग करेंगे शामिल

आज हम आपको कुछ ऐसे फूड्स ट्रेंड्स के बारे में जानकारी दे रहे हैं, जो साल 2025 में सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो सकते हैं और ब्रेकफास्ट में अपनी जगह बना सकते हैं। अक्सर हमें कॉलेज जाना हो या ऑफिस जाना हो, हम नाश्ता किए बिना ही चले जाते हैं और इसकी वजह से हम कमजोर महसूस करते हैं। मगर वक्त के साथ-साथ लोग अपने नाश्ते पर काफी ध्यान दे रहे हैं। इस साल लोगों ने ब्रेकफास्ट में हेल्दी चीजें खाना शुरू की हैं, जिसका सिलसिला अगले साल तक चलने वाला है। तो देर किस बात की आइए इस लेख में जानते हैं।

**समोसाः** यह भारत का पसंदीदा स्ट्रीट फूड है, लेकिन आपको बता दें कि आने वाले वक्त में समोसा ब्रेकफास्ट में काफी पसंद किया जा सकता है। समोसा न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि हैवी भी होते हैं जिसे खाने के बाद लंबे समय तक भूख का एहसास नहीं होता। समोसा वास्तव में 10वीं शताब्दी से पहले मध्य पूर्व में उत्पन्न हुए थे। कहा जाता है कि समोसा को पहले 'सम्बोसा' कहा जाता था और 14वीं शताब्दी के आसपास मध्य एशिया के व्यापारियों द्वारा भारत में लाया गया था।

**हेल्दी स्मूदीः** आजकल इतनी बिजी लाइफ हो गई है कि लोगों को सुबह भरपेट खाने का मन नहीं करता। इसलिए आने वाले वक्त में हेल्दी स्मूदी या ड्रिंक्स हमारे ब्रेकफास्ट का हिस्सा बन सकती हैं। आप फलों की स्मूदी अपने आहार में शामिल कर सकते हैं। फलों से हमें कई सारे मिनिरल्स और फाइबर मिलते हैं। रोज सुबह फल खाना हमारी सेहत के लिए फायदेमंद होता है। इसलिए अगर आपको कभी भी ऑफिस जाने या फिर कहीं और जाने में देर हो रही हो तो घर



पर ही एक गिलास हेल्दी स्मूथी बना लें।यह बनाने में इतनी आसान होती है कि आपका समय भी बर्बाद नहीं होगा और आपको पोषण भी मिलेगा। आपके घर में जो भी फल हो उसे से टेस्टी स्मूदी बनाकर पिएं साथ आप इसमें ड्राई फ्रूट्स भी डाल सकती हैं।

**मफिनः** मफिन बनाने में ज्यादा समय नहीं लगता है और अगर आप आधी तैयारी पहले ही करके रख लेंगे, तो फिर बिलकुल भी वक्त नहीं लगेगा। अगर आप मफिन बना ही रहे हैं, तो थोड़ा हेल्दी बनाएं और हेल्दी मफिन के लिए आप इतेमाल करे फल। सुबह उठकर पहले मफिन का बैटर बना लें और बेक करने को रख दें। तैयार होने के बाद नाश्ता करें और ऑफिस को निकल जाएं। इससे आपका पेट भी भरा हुआ रहेगा और ज्यादा दिन तक आपको भूख का एहसास भी नहीं होगा।

**अंडे की रेसिपीः** अगर सुबह कुछ हेल्दी खाया जाए, तो पूरा दिन अच्छा जाता है और इसके लिए आप अंडा खा सकते हैं। अंडा खाने का फायदा यह है कि अगर आपको लेट हो रहा है, तो इसे उबाल कर खा सकते हैं। अगर आपके पास समय है लेकिन कम है, तो आप ट्राई करें की आमलेट या फिर अंडा फ्राई बना लें।

यह आपकी सेहत को भी अच्छा रखेगा और आपका पेट भी भरेगा। आप अंडे के साथ सलाद भी काटकर खा सकते हैं। आने वाले साल में आप अंडा को ब्रेकफास्ट में नियमित रूप से शामिल करें।



कार्नर न्यूज

## क्रिसमस थीम चुनने के साथ खान-पान पर भी दें ध्यान

# क्रिसमस का उल्लास दस्तक दे रहा, त्यौहार से पहले अपने घर में कर लें जरूरी तैयारियां

वैसे तो देश के अधिकांश शहरों का माहौल क्रिसमसमय हो चुका है लेकिन त्यौहार को अभी चार दिन और बचे हैं। ऐसे में बहुत से ऐसे घर हैं जो क्रिसमस की तैयारी में जुटे हैं। आप चाहें तो कुछ जरूरी टिप्स अपना कर अपनी तैयारियों को बेहतरीन रूप दे सकते हैं।

क्रिसमस पार्टी थीम को चुनना क्रिसमस पार्टी का सबको इंतजार रहता है। इसलिए जरूरी है कि संबंधित रंगों, सुगंधों, सामग्रियों, संगीत, गतिविधियों, प्रकाश व्यवस्था, लिनेन, सर्ववेयर, फूलों की व्यवस्था आदि का उपयोग करें। ₹विंटर वंडरलैंड₹ के लिए आप पाइन की गंध के साथ बर्फीले ब्लूज़ और सिल्वर कर सकते हैं, जैज़ वाद्य यंत्र बजा सकते हैं, गर्म कोको परोस सकते हैं। कांच के मग, और मेहमानों से ओरिगेमी बर्फ के टुकड़े बनवाएं।

अतिथियों का स्वागतः उत्सवपूर्ण प्रवेश और बैठक कक्ष के लिए विचार क्रिसमस पर जैसे ही आपके मेहमान सामने के दरवाजे पर आएं, छुट्टियों की खुशियों से भरे गर्म और आरामदायक स्थान पर उनका स्वागत करें। मूड सेट करने के लिए उत्सव के डोरमैट से शुरुआत करें, यह एक शानदार क्रिसमस पार्टी होगी।



### लिविंग रूम

लिविंग रूम में, मिलने-जुलने, आराम करने और गतिविधियों के लिए अलग-अलग क्षेत्र बनाने पर ध्यान केंद्रित करें। फर्नीचर को दीवारों पर सख्त रेखाओं के बजाय गोलाकार आकार में व्यवस्थित करें। फर्श कुशन, ओटोमैन या फोल्डिंग कुर्सियों के साथ अतिरिक्त बैठने की व्यवस्था करें। छोटे लैंप, सट्रिंग लाइट या मोमबत्तियों का समूह अकेले ओवरहेड फिक्स्चर की तुलना में जगह को अधिक अंतरंग बना देगा। यदि आपके पास चिमनी है तो उसमें आग गर्मी और आराम जोड़ती है। क्रिसमस पार्टी के लिए आपके पास कभी भी बहुत सारे कंबल, थ्रो और तकिए नहीं हो सकते!

### घर की साज-सज्जा के लिए उपयोग में आने वाली चीजें

सजावट के लिए, पाइन शंकु, जामुन, दालचीनी की छड़ें और ताजी हरियाली जैसी प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग करें। कुरसी के रूप में उपयोग करने के लिए खाली बक्सों या डिब्बों को सजावटी कागज में लपेटें। एक माला, कागज के बर्फ के टुकड़े या ताश की माला एक द्वार को उत्सव के केंद्र बिंदु में बदल सकती है।

सबसे महत्वपूर्ण बात, व्यक्तिगत स्पर्श शामिल करें जो आपको और आपकी शैली को दर्शाते हैं। तस्वीरें, पिछली छुट्टियों के स्मृति चिन्ह या पसंदीदा आभूषण आपके घर को अतिरिक्त आकर्षक बना देंगे। सही माहौल और सजावट के साथ, आपका लिविंग रूम एक अद्भुत छुट्टियों के आयोजन का केंद्र बन सकता है। जैसे ही आपके मेहमान आपके सामने के दरवाज़े से गुज़रेंगे, उन्हें निश्चित रूप से सीज़न की क्रिसमस पार्टी की भावना का एहसास होगा!



फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### जेम्स गन ने जारी किया डेविड की 'सुपरमैन' का मोशन पोस्टर

इस हफ्ते सुपरमैन के साथ कुछ खास होने वाला है। जेम्स गन द्वारा डेविड कोरेंसवेट, रेचल ब्रोसनाहन और निकोलस हॉल्ट अभिनीत 'सुपरमैन' का रूपांतरण अब



अपने पहले पोस्टर के साथ शुरू हो गया है। सुपरमैन के पहले आधिकारिक पोस्टर में डेविड कोरेंसवेट मैन ऑफ स्टील में बदल गए हैं। निर्देशक जेम्स गन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सुपरमैन का मोशन पोस्टर जारी किया। जेम्स ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया, जिसमें शानदार म्यूजिकल स्कोर था। इसमें डेविड कोरेंसवेट सुपरमैन की पोशाक में लाल अंडरवियर में पूरी ताकत से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहे थे। कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'ऊपर देखें। सुपरमैन सिर्फ 11 जुलाई को सिनेमाघरों में है।' ऐसे में अब इस फिल्म की रिलीज की तारीख का एलान कर दिया गया है। यह 11 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

एक अन्य पोस्ट में जेम्स गन ने खुलासा किया कि सुपरमैन का आधिकारिक ट्रेलर गुरुवार 19 दिसंबर को रिलीज किया गया। जेम्स ने इससे पहले 30 जुलाई, 2024 को सोशल मीडिया पर सुपरमैन के लिए शूटिंग शेड्यूल खत्म होने की खबर साझा की थी। उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए लिखा था, 'और यह एक रैप है। भगवान हमारे कलाकारों और क्रू को आशीर्वाद दें जिनकी प्रतिबद्धता, रचनात्मकता और कड़ी मेहनत ने इस परियोजना को जीवंत किया है। मैंने एक ऐसी दुनिया में एक अच्छे आदमी के बारे में एक फिल्म बनाने का लक्ष्य रखा, जो हमेशा इतना अच्छा नहीं होता और सेट पर रोजाना मिलने वाली अच्छाई, दयालुता और प्यार ने मुझे प्रेरित किया है ।

## टॉलीवुड

### सूर्य ने अगली फिल्म के लिए कसी कमर 'वनांगन' के ऑडियो लॉन्च में आए नजर

इस साल नवंबर में रिलीज हुई फिल्म 'कंगुवा' में एक्टर सूर्य अहम भूमिका में नजर आए। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। दर्शकों से



जैसी भी प्रतिक्रिया मिली उसे सिर-माथे पर लेकर अभिनेता अब अपने अगले प्रोजेक्ट्स की तैयारी में जुट गए हैं। फिल्म 'कंगुवा' की असफलता के बाद हाल ही में सूर्य पहली बार सार्वजनिक रूप से किसी इवेंट में नजर आए। उन्हें फिल्म 'वनांगन' के ऑडियो लॉन्च इवेंट में देखा गया।

इस साल 14 नवंबर को रिलीज हुई 'कंगुवा' की असफलता के बाद सूर्य को तगड़ा झटका लगा। हालांकि, वे अब इससे आगे बढ़कर अपने आगामी प्रोजेक्ट्स पर ध्यान दे रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने शिवकार्तिकेयन के साथ चेन्नई में फिल्म 'वनंगान' के ऑडियो लॉन्च में हिस्सा लिया। इस दौरान अभिनेता ने अपनी पूरी टीम के कठिन परिश्रम की जमकर तारीफ की। इस दौरान सूर्य ने निर्देशक बाला का शुक्रिया अदा किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर @talkies_writeup नाम के हैंडल से एक पोस्ट साझा किया गया है। इसमें सूर्य को देखा जा सकता है। इसके साथ लिखा है, 'अगर फिल्म 'नंदा' नहीं होती तो 'काका काका' भी नहीं होती और न ही 'वरणं आयिरम' फिल्म होती। शुक्रिया बाला सर मुझे तमिल सिनेमा में रूबरू कराने के लिए। बता दें कि फिल्म 'नंदा' का निर्देशन बाला ने किया। और आगामी फिल्म 'वनंगान' का निर्देशन भी बाला ही कर रहे हैं।

सूर्य ने निर्देशक बाला के साथ काम करने का किस्सा भी साझा किया। उन्होंने बाताया कि वे साल 2000 में शूटिंग कर रहे थे। तभी अचानक बाला का कॉल आया और उन्होंने जानकारी दी कि वे उनकी अगली फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। उनके शब्दों ने जिंदी बदल दी। सूर्य ने आगे कहा कि उन्होंने निर्देशक से बहुत कुछ सीखा है ।

## भोजपुरी

### प्रिंस की 'शकुंतला' जल्द होगी रिलीज एक्टर को उम्मीद- पसंद आएगी दर्शकों को

नाहटा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म 'शकुंतला' के पोस्ट प्रोडक्शन का काम अब आखिरी चरण में है, जिसके बाद इस फिल्म को



रिलीज कर दिया जाएगा। एक्टर प्रिंस सिंह राजपूत इस फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। प्रिंस ने बताया कि फिल्म बेजोड़ बनी है और यह दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाली है। उनके साथ इस फिल्म में भोजपुरी सिनेमा की टैलेंटेड एक्ट्रेस पायस पंडित भी नजर आने वाली हैं। दोनों की केमेस्ट्री के चर्चे अभी से ही शुरू हो चुके हैं। फिल्म 'शकुंतला' के प्रोड्यूसर हर्षित नाहटा हैं, जबकि डायरेक्टर रितेश ठाकुर हैं। उन्होंने बताया कि यह एक अलग तरह की फिल्म है। पोस्ट प्रोडक्शन के दौरान फिल्म की खूबसूरती और भी खिलकर आई है। इसलिए उम्मीद है कि जब फिल्म रिलीज होगी, तो दर्शकों को यह पसंद आएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज किया जाएगा। वह बोले, 'हमारी फिल्म गीत, संगीत, एक्शन, इमोशन के साथ पूरी तरह फिट है। दर्शकों से अपील है कि जब यह रिलीज हो, तो जरूर देखें।' 'शकुंतला' एक महिला प्रधान कहानी है, जिसमें सामाजिक मुद्दों को दर्शाते हुए मजबूत और प्रेरणादायक संदेश दिया गया है।

## फैशन की लाली

लाइफ स्टाइल



इस महीने की शुरुआत में पेरिस फैशन वीक में वार्षिक विंटर वंडरलैंड फैशन शो ने दुनिया भर का ध्यान खींचा। यहां मशहूर स्टाइल पर्सनालिटी लियोनार्ड सिम्पसन ने एक बेहतरीन रनवे शो पेश किया। यहां मेहमानों ने एक शानदार हॉलिडे शॉपिंग बुटीक और साइलेंट नीलामी का आनंद भी लिया। जिसकी सारी आय विकलांग व्यक्तियों के लिए दान की गई। जो द आर्क ऑफ़ सैन डिएगो के जीवन बदलने वाले कार्यक्रमों से संबंधित है।

## मिल्क पाउडर का इस्तेमाल करके चमकाएं चेहरा



सर्दियों का मौसम आते ही लोग अपनी त्वचा का ध्यान रखना शुरू कर देते हैं। इसकी वजह है कि इस मौसम में त्वचा काफी डल हो जाती है। चेहरे पर भले ही कितने प्रोडक्ट इस्तेमाल कर लिए जाएं लेकिन उसका असली गुलाबी निखार सर्दियों में खो जाता है। मिल्क पाउडर की मदद से आप अपनी त्वचा का ग्लो बरकरार रख सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले चेहरे की क्लीजिंग करनी है। इसके लिए एक कटोरी में आधा चम्मच मिल्क पाउडर में एक चम्मच कच्चा दूध मिलाना है। अब इस पेस्ट को दस मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथ से मसाज करें। ऐसा करने से आपकी त्वचा की डेड स्कन हटने लगेगी।

चेहरे को क्लीन करने के बाद स्टीमर की मदद से आप स्टीम ले सकती हैं। इससे आपकी त्वचा के पोर्स खुल जाएंगे। स्टीम त्वचा को हाइड्रेट करने में भी मददगार रहती है। इस स्टेप के बाद आपको मिल्क पाउडर की मदद से ही चेहरे की स्क्रबिंग करनी है। इसके लिए बस आधा चम्मच मिल्क पाउडर को दो चम्मच कच्चा दूध और एक चम्मच चावल का आटा मिलाएं। इससे अपने चेहरे पर अच्छे से स्क्रब करें।

चेहरे पर स्क्रब करने के बाद एक कटोरी में मिल्क पाउडर लेकर उसमें थोड़ा सा शहद और नारियल का तेल डालें। अब इसको अपने चेहरे पर अच्छी तरह से लगा लें। दस मिनट के बाद चेहरे की मसाज करें। सबसे आखिर में आपको अपने चेहरे पर फेसपैक लगाना है। मिल्क पाउडर से फेसपैक बनाने के लिए आपको बस एक कटोरी में दो चम्मच मिल्क पाउडर, एक चम्मच चंदन पाउडर, एक चम्मच बेसन, दही और आधा चम्मच शहद मिलाना है। इसके बाद इस पेस्ट को अपने चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगाएं और फिर चेहरा धो लें। इस पूरी प्रक्रिया करने के बाद आपका चेहरा खिल उठेगा।

## डिस्काउंट-ऑफर के चक्कर में कहीं बिगड़ न जाए स्टाइल, रखें ख्याल




ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट से लेकर फैशन स्टोर/शॉपिंग मॉल तक ऑफर की होड़ लगी है। हर कंपनी अपनी सेल बढ़ाने के लिए एक से बढ़कर एक लुभावने ऑफर दे रही है। खासकर फेस्टिव सीजन में ऐसे ऑफर अधिक मिलते हैं। जिसके चक्कर में आम आदमी दो पैसे बचाने के लिए पड़ जाते हैं।

हालांकि, ये ऑफर बुरे नहीं हैं। हमें इनमें कई बारे फायदा होता है। लेकिन इसके नुकसान भी कम नहीं हैं। अगर आप सोच समझकर शॉपिंग नहीं करते हैं तो जेब कट जाएगी और स्टाइल भी बिगड़ जाएगी। हाल ही में मेरे साथ भी ऐसा हुआ जिसका जिक्र भी बतौर जागरूक ग्राहक करना चाहूंगा। ताकि आप ऐसी गलती करने से बच जाएं।



### ऑफर के बारे में अच्छी तरह पढ़ें और समझें

अक्सर शॉपिंग मॉल या शॉपिंग साइट्स पर एक के साथ एक फ्री का ऑफर मिलता है। ऐसा केवल खाने-पीने की चीजों पर नहीं बल्कि कपड़ों पर भी हो रहा है। एक कपड़े की कीमत में दो मिल रहे हैं तो भला कौन नहीं खरीदना चाहेगा।

फरवरी में मैं एक शॉपिंग मॉल में गया। मैंने भी वहां पर एक पर एक फ्री का ऑफर पढ़ा और फुटवियर्स खरीदे। दोनों ही प्रोडक्ट देखने में काफी कूल थे। इतने सस्ते मिले जिसकी वजह से मैंने इनको खरीदने में समझदारी समझी। मैंने बिलिंग भी करा ली। मगर मैं बिल को क्रॉस चेक करता हूं क्योंकि गलती कहीं भी हो सकती है। इसलिए काउंटर छोड़ने से पहले ऐसा जरूर करें।



ऐसा ही हुआ, क्योंकि पैसे ज्यादा कट चुके थे। बस फिर क्या था मैं काउंटर पर गया और बोला। वहां पर लड़की भी कंफ्यूज हो गई। वह बोली कि हां, सर एक पर एक फ्री है लेकिन सिस्टम में पैसे अधिक कैसे शो कर रहे हैं और कट भी गए। इसके बाद मैंने स्टोर मैनेजर से बात की। स्टोर मैनेजर ने कहा- सर हमने एक के साथ एक मुफ्त वाले ऑफर में ऑन एमआरपी का रेट चार्ज किया है। इस पर मैंने पूछा- तो फिर आपने प्रोडक्ट के साथ रिड्यूस प्राइज टैग क्यों लगा रखा है? मैनेजर बोला- सर दोनों प्रकार के ऑफर चल रहे हैं। इसलिए दोनों टैग लगाए गए हैं।

फिर मैंने मैनेजर से कहा- ये तो गुमराह करना हुआ। आप दो प्रकार के ऑफर के लिए दो काउंटर लगाएं। एक ही जगह पर दो ऑफर देंगे तो कस्टमर कभी भी अपने फायदे के हिसाब से कम वाले प्राइस टैग को ही काउंट करेगा।

## ब्लाउज नेकलाइन के हिसाब से चुनें खास नेकलेस, इस तरह करें स्टाइल

जब भी हम साड़ी स्टाइल करते हैं तो हमेशा सोचते हैं कि उसके साथ कुछ अलग तरीके का ब्लाउज वियर करें। अगर आपके ब्लाउज की नेकलाइन वी है तो इसके साथ आप पेंडेंट नेकलेस सेट को वियर कर सकती हैं। ये काफी क्लासी लगते हैं। साथ ही बड़ा पेंडेंट होने की वजह से अच्छे लगते हैं। इसे आप डीप वी नेकलाइन के साथ स्टाइल करेंगी तो अच्छी लगेंगी। इसमें आपको ऑप्शन कई सारे मिल जाएंगे। जैसे स्टोन वर्क नेकलेस, पर्ल नेकलेस, और कुंदन वर्क नेकलेस। इससे आपका लुक और ज्यादा सुंदर लगेगा।



और मार्केट से लेने पर ये आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाते हैं।

### ऑफ शोल्डर ब्लाउज के साथ नेकलेस

अगर आपके ब्लाउज की नेकलाइन ऑफ शोल्डर है तो इसके साथ आप कॉलर डिजाइन वाले चोकर नेकलेस को वियर (ज्वेलरी डिजाइन) कर सकती हैं। ये दिखने में सिंपल होते हैं लेकिन आजकल इसमें भी आपको कई सारे अलग-अलग डिजाइन मिल जाते हैं। आप अपनी गर्दन के हिसाब से इन्हें खरीदकर वियर कर सकती हैं। खास बात ये है कि इसे किसी भी जगह पर वियर किया जा सकता है

### राउंड नेकलाइन के लिए नेकलेस

राउंड नेकलाइन वाले ब्लाउज को सिलवा रही हैं तो इसके साथ बेस्ट लगेगा लेयर नेकलेस। ये काफी अच्छा (ग्रीन कलर ज्वेलरी डिजाइन) लगता है और पहनने पर रॉयल लगता है। इस तरह के नेकलेस को भी आप ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको काफी सारे अच्छे-अच्छे डिजाइन के ऑप्शन मिल जाएंगे। आजकल रानी हार भी काफी ट्रेंड में है उसमें भी आप लेयर नेकलेस ले सकती हैं।

## क्या स्टीम लेना त्वचा के लिए है सही?

स्टीम लेने से हमारी त्वचा के बंद पोर्स साफ होकर खुलते हैं। स्टीमिंग करने से त्वचा में निखार आता है और रिलैक्स करता है। यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट करता है, जिससे त्वचा सॉफ्ट नजर आती है। क्या वाकई स्टीम लेना त्वचा के लिए अच्छा है? आइए एक्सपर्ट से जानें। डर्मेटोलॉजिस्ट कहते हैं कि जरूरी नहीं, स्टीमिंग हर किसी की त्वचा को लाभ पहुंचाए। जानी-मानी डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. आंचल पंथ ने सोशल मीडिया पर स्टीमिंग को लेकर अपनी राय दी है।

आपकी त्वचा को हाइड्रेट और मॉइश्चराइज करने में अंतर है। जब आपकी त्वचा ड्राई होती है, तो उसमें तेल और सीबम की कमी हो जाती है, इसलिए मॉइश्चराइजर उसमें आपकी मदद करता है। जब आपकी त्वचा डिहाइड्रेटेड होते हैं, तो इसका मतलब है कि आपकी त्वचा में पानी की कमी है।

फेशियल स्टीमिंग आपकी त्वचा को प्लंप और हाइड्रेटेड रहने के लिए आवश्यक पानी प्रदान करने का एक अतिरिक्त तरीका है। चेहरे की भाप लेने से त्वचा के पोर्स खुल जाते हैं, जिससे किसी भी उत्पाद को लगाने के बाद उसे अब्सॉर्ब करने में मदद मिलती है। त्वचा को हाइड्रेट करके आप जो भी एक्टिव इंग्रीडिएंट्स लगाती हैं, जैसे रेटिनॉल या विटामिन-सी, वो त्वचा में बेहतर तरीके से प्रवेश करते हैं और लाभ



पहुंचाते हैं। त्वचा को अधिक हाइड्रेटेड बनाने के अलावा, चेहरे की भाप से निकलने वाली गर्मी और नमी त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है। चेहरे पर भाप लेने से त्वचा एक्सट्रैक्शन के लिए तैयार हो जाती है, इसके बाद गंदगी और ब्लैकहेड्स को निकालना बहुत आसान हो जाता है।

कार्नर न्यूज

### ग्रूमिंग ट्रेंड चाहे जैसा हो,अपना सकते हैं क्लीन शेव

## क्लीन शेव में भी कयामत ढा सकता है आपका लुक, कई फायदे भी मिलते हैं इसे अपनाने से

*भले ही घनी और फुल बियर्ड को मेंटेन करना इन दिनों का लेटेस्ट ग्रूमिंग ट्रेंड है। ये भी सच है कि, बियर्ड जैसी मस्क्युलिनिटी किसी अन्य चीज से मेंटेन कर पाना भी बहुत मुश्किल है। लेकिन सदियों से जब भी परफेक्ट मैन की बात हुई है तो, क्लीन शेव चेहरे वालों को भी किसी ने इग्नोर नहीं किया है। भले ही क्लीन शेव रहने वालों को जमाने ने मुछ मुंडा होने जैसे टैग दिए लेकिन इनके चार्म को न तो कभी कम किया जा सका और न ही कभी चुनौती दी जा सकी। अगर आप भी क्लीन शेव लुक को मेंटेन करना चाहते हैं तो आप नई पीढ़ी के कुछ बॉलीवुड एक्टर्स से भी प्रेरणा ले सकते हैं। इसके अलावा, इसमें एक्सपेरिमेंट की गुंजाइश भी हमेशा बनी रहती है।*



### फायदेमंद है क्लीन शेव रहना

ऐसा नहीं है कि, क्लीन शेव रहना काफी झंझट भरा काम है। झंझट की तुलना में इसके फायदे भी बहुत हैं। अगर आप अपने लुक को कहीं ज्यादा प्रोफेशनल और आकर्षक बनाना चाहते हैं तो भी क्लीन शेव लुक आपके बड़े काम आने वाला है।

### डेड स्किन हट जाती है

शेव करने पर रेजर सिर्फ चेहरे से बालों को ही नहीं हटाता है। बल्कि रेजर चेहरे की स्किन के ऊपर से डेड स्किन की परत को भी हटाने में मदद करता है। इसलिए सही शेविंग रूटीन से ताजगी भरा अहसास दिलाने के साथ ही पहले से कहीं ज्यादा फ्रेश नेस और ऊर्जा भी महसूस होती है । शेविंग के बाद कूलिंग का बेहतर अहसास पाने के लिए आफ्टर शेव का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

### स्किन हेल्दी हो जाती है

डेड स्किन हटाने के अलावा, शेविंग की पूरी प्रक्रिया भी आपकी स्किन के लिए खासी फायदेमंद है, क्योंकि ये आपके चेहरे की स्किन पर सॉफ्ट मसाज की तरह काम करती है। ये स्किन को भीतर तक जाकर हील करने में मदद करती है। अगर कुछ रिपोर्ट पर भरोसा किया जाए तो, नियमित रूप से शेव करने पर स्किन में जरुरत के अनुसार मेलानिन का उत्पादन बढ़ जाता है। इससे आपकी स्किन को सूरज की यूवी किरणों से बचाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, रोज शेविंग करने से ऑयली स्किन में सीबम का उत्सर्जन संतुलित रहता है। इससे स्किन में निकलने वाले एक्ने और पिंपल की समस्या भी कम हो जाती है।

### स्किन ज्यादा यंग दिखती है

नियमित रूप से शेविंग करने पर स्किन को ज्यादा तेज गति से न सिर्फ ठीक होने बल्कि रिकवर होने का भी मौका मिलता है। इस बात के पीछे का फैक्ट ये है कि नियमित शेविंग के कारण हमारी स्किन से डेड स्किन सेल्स रोज हट जाती हैं। इसकी जगह लेने के लिए स्किन ज्यादा मेलेनिन और कैरोटीन का प्रोडक्शन करती है। जिसकी वजह से नई बनने वाली स्किन पुरानी स्किन से कहीं ज्यादा जवान दिखती है। इसके अलावा आप शेविंग के लिए जिन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं ।